हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 67, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 4 सितम्बर, 2023 दिन सोमवार गाजीपुर/वाराणसी

## साइबर अपराध को लेकर पीएम मोदी ने जताई चिंता, कहा- डार्क नेट-मेटावर्स का फायदा उठा रहे आतंकवादी संगठन



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार बढ़ रहे साइबर अपराध को लेकर चिंता जताई है। पीएम मोदी ने रविवार को कहा कि लगातार बढ़ रहे साइबर अपराध, सामाजिक और भू-राजनीतिक तनाव उत्पन्न कर सकते हैं। एक इंटरव्यू में साइबर अपराध से निपटने के लिए वैश्विक सहयोग की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवादी संगठन कट्टरपंथ के लिए टेक्नोलॉजी का उपयोग कर रहे हैं और डार्क नेट, मेटावर्स और क्रिप्टोकरेंसी प्लेटफॉर्म जैसे उभरते डिजिटल तरीकों का फायदा उठा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी का कहना है कि साइबर अपराधों के सामाजिक, भू-राजनीतिक प्रभाव हो सकते हैं और इससे निपटने के लिए वैश्विक सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विश्व बैंक का अनुमान है कि साइबर हमलों से 2019-2023 के दौरान दुनिया को लगभग 5.2 ट्रिलियन अमरीकी डालर का नुकसान हो सकता है, लेकिन इसका प्रभाव सिर्फ वित्त तक ही सीमित नहीं है। इसके सामाजिक और भू-राजनीतिक प्रभाव भी हो सकते हैं, जो बेहद चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवादी संगठन कट्टरपंथ के लिए तकनीक का उपयोग कर रहे हैं। मनी लॉन्ड्रिंग और ड्रग्स की कमाई को आतंकी फंडिंग के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं और अपने नापाक इरादों के लिए डार्क नेट, मेटावर्स और क्रिप्टोकरेंसी प्लेटफॉर्म जैसे उभरते डिजिटल तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि साइबर आतंकवाद, ऑनलाइन कट्टरपंथ, मनी लॉन्ड्रिंग से लेकर ड्रग्स और आतंकवाद तक धन पहुंचाने के लिए नेटवर्क प्लेटफार्म का उपयोग किया जा रहा है। साइबर स्पेस ने अवैध वित्तीय गतिविधियों और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक बिल्कुल नया आयाम पेश किया है। उन्होंने कहा कि साइबर हमलों का देश के सामाजिक ताने-बाने पर भी प्रभाव पड़ सकता है। मोदी ने कहा कि डीप फेक के प्रसार से अराजकता फैल सकती है और समाचार स्त्रोतों की विश्वसनीयता को नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि फर्जी खबरें और 'डीप फेक' तकनीक का इस्तेमाल सामाजिक अशांति को बढ़ावा देने के लिए किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसलिए, यह हर ग्रुप, हर देश और हर परिवार के लिए चिंता का विषय है। यही कारण है कि हमने इसे प्राथमिकता के रूप में लिया है। बता दें कि, 13 दिसंबर, 2022 को संसद में दिए गए आंकड़ों के अनुसार, 2019 से 2022 के बीच भारत में 16 लाख से अधिक साइबर अपराध के मामले सामने आए हैं, जिसके बाद 32,000 से अधिक एफआईआर दर्ज की गईं।

## जी20 बैठकों को लेकर चीन की आपत्ति खारिज, पीएम मोदी बोले- देश के हर हिस्से में बैठक होना स्वभाविक

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि यह स्वभाविक है कि जी20 की बैठकें देश के हर हिस्से में आयोजित होंगी। प्रधानमंत्री ने चीन की उन आपत्तियों को खारिज कर दिया, जिनमें चीन ने अरुणाचल प्रदेश और कश्मीर में जी20 बैठकों का आयोजन होने पर नाराजगी जताई थी। बता दें कि भारत की अध्यक्षता में जम्मू कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश समेत कई जगहों पर जी20 की बैठकें आयोजित की गईं। बता दें कि भारत की संस्कृति और विविधता को दशार्ने के लिए सरकार ने देश के अलग-अलग हिस्सों में जी20 की बैठकें आयोजित की थी। ये बैठकें अरुणाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में भी आयोजित की गईं थी। इस पर चीन और पाकिस्तान ने आपत्ति जताई थी क्योंकि चीन अरुणाचल प्रदेश को और पाकिस्तान जम्मू कश्मीर को 'विवादित' मानते हैं। मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में प्रधानमंत्री ने चीन, पाकिस्तान की आपत्तियों को खारिज करते हुए कहा कि 'यह सवाल उस वक्त वैध होता अगर हमने उन जगहों पर बैठकें करने से परहेज किया होता। हमारा देश विशाल और विविधताओं से भरा है। जब देश में जी20 बैठकें हो रही हैं तो ये स्वभाविक है कि यह देश के हर हिस्से में आयोजित की जाएंगी।' पर्यटन के मुद्दे पर जी20 वर्किंग ग्रुप की तीन दिवसीय बैठक 22 मई को श्रीनगर में हुई थी। इस दौरान चीन को छोड़कर अन्य जी20 देशों के प्रतिनिधियों ने इस बैठक में शिरकत की थी। वहीं मार्च में अरुणाचल प्रदेश में भी जी20 की बैठक हुई थी। भारत ने चीन की आपत्तियों को खारिज करते हुए कहा कि वह अपने क्षेत्र में कहीं भी बैठकें करने के लिए स्वतंत्र है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब जी20 में जब भारत की अध्यक्षता समाप्त होगी, तब तक 220 से ज्यादा बैठकें, देश के 60 शहरों और 28 राज्यों में हो चुकी होंगी। इस दौरान 125 देशों के एक लाख से ज्यादा प्रतिनिधि इन बैठकों में शिरकत कर चुके होंगे।

## भारत जोड़ो यात्रा का एक साल : सात सितंबर को हर जिले में निकलेगी भारत जोड़ो यात्रा, कांग्रेस का एलान



नई दिल्ली। कांग्रेस ने राहुल गांधी की कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा के एक साल पूरे होने के मौके पर देशभर के हर जिले में भारत जोड़ो यात्रा निकालने का एलान किया है। पार्टी ने इसके लिए कई जगहों पर आयोजन करने की भी योजना बनाई है। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने पिछले साल सात सितंबर को कन्याकुमारी से यात्रा शुरू की थी। 145 दिन तक चली 4000 किमी लंबी इस यात्रा का अंत 30 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में हुआ था। सूत्रों के मुताबिक, यात्रा को लेकर कांग्रेस में चर्चाएं तेज हैं और इसकी विस्तृत जानकारी जल्द ही जिला कमेटियों को भेजी जाएगी। बता दें कि इस यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने 12 सार्वजनिक सभाओं को संबोधित किया था, वहीं 100 से ज्यादा बैठकें और 13 प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी हिस्सा लिया। उन्होंने चलते हुए 275 से ज्यादा चर्चाओं में हिस्सा लिया, जबकि कहीं रुक कर 100 के करीब चर्चाएं कीं। कई जानकारों का मानना है कि भारत जोड़ो यात्रा ने राहुल गांधी और कांग्रेस की छवि को बदलने में काफी अहम भूमिका निभाई है। खासकर राजनीति में अनमने और पार्ट-टाइम नेता के बजाय विपक्ष के लिए एक परिपक्व और एक गंभीर नेता की छवि गढ़ने के मामले में।

## महिला डॉक्टर ने अपनाया हिंदू धर्म, परिवार से धमकी मिलने का लगाया आरोप; भाई का दावा- अपहरण किया गया

गुवाहाटी। असम में एक महिला डॉक्टर ने आरोप लगाया है कि हिंदू धर्म अपनाने पर उसके परिवार द्वारा उसे धमकी दी जा रही है, जिससे उसे छिपने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। हालांकि, उसके भाई ने दावा किया है कि उसका अपहरण कर लिया गया है। परिवार ने जब उसका पता लगाने में पुलिस की मदद मांगी, तो डॉक्टर का एक वीडियो सामने आया जिसमें उसने खुद के सुरक्षित होने और स्वेच्छा से अपनी सुरक्षा के लिए दूर रहने का दावा किया। मामला संज्ञान में लाए जाने के बाद रविवार को मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को मामले की जांच करने का निर्देश दिया। सरमा ने डॉक्टर के वीडियो के साथ एक ट्विटर पोस्ट में लिखा, उचित जांच के बाद ही कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। वीडियो में डॉक्टर ने दावा किया कि उसने हिंदू धर्म अपनाकर अपने परिवार को परेशान कर दिया है और उन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दी है, जिससे वह छिप गई है। उसने यह भी दावा किया कि उसका परिवार उसकी शादी एक बुजुर्ग मौलवी से करना चाहता था, क्योंकि उनका मानना है कि यह उसे बाद के जीवन में 'जन्नत' (स्वर्ग) में ले जाएगा।

## मुंद्रा पोर्ट से 6.5 करोड़ की विदेशी सिगरेट; नवी मुंबई से 19 करोड़ के ड्रग्स के साथ 7 नाईजीरियाई पकड़े




मुंबई। महाराष्ट्र और अहमदाबाद में करोड़ों के नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं। नवी मुंबई टाउनशिप में नशीले पदार्थ के तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई के बाद सात नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से 19.05 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ जब्त किए गए हैं। वहीं, डीआरआई अहमदाबाद ने मुंद्रा बंदरगाह से करीब 6.5 करोड़ रुपये की सिगरेट जब्त की है। नवी मुंबई के पुलिस आयुक्त मिलिंद भारम्बे ने बताया कि खारघर इलाके में आवासीय इलाकों में शुक्रवार को छापेमारी के बाद प्रतिबंधित सामग्री जब्त की गई और गिरफ्तारियां की गईं। उन्होंने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ नाइजीरियाई लोग नशीले पदार्थ बेच रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि जब्त किए गए नशीले पदार्थों में कोकीन, एमडीएमए और ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड की गोलियां शामिल हैं, जो एक साइकोट्रोपिक पदार्थ है। अधिकारी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए सात लोगों पर नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपियों को नशीला पदार्थ कहां से मिला और वे इसे किसे बेच रहे थे। वहीं, एक अधिकारी ने बताया कि डीआरआई अहमदाबाद ने मुंद्रा बंदरगाह पर एक आयात खेप को रोका। खेप की जांच के दौरान, अधिकारियों ने देखा कि कुछ पैकेजों में विदेशी मूल की सिगरेट थीं। इन विदेशी मूल की अधिकांश सिगरेटों पर मेड इन टर्की का निशान था। जब्त सिगरेट की कीमत करीब 6.5 करोड़ रुपये आंकी गई है।

## 'गांधी परिवार ने कहा होगा' वन नेशन वन इलेक्शन पर बनी कमेटी से अधीर रंजन चौधरी के हटने पर बोले केंद्रीय मंत्री

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने रविवार को 'वन नेशन वन इलेक्शन' के लिए गठित समिति में अधीर रंजन चौधरी के शामिल नहीं होने पर कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक देश, एक चुनाव अच्छा विचार है। इसका समय अब आ गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वन नेशन, वन इलेक्शन से चुनाव पर खर्च होने वाले सैकड़ों-हजारों करोड़ रुपये की बचत होगी। यदि 'एक देश, एक चुनाव' लागू होता है तो पूरे भारत में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ होंगे और मतदान भी एक ही समय पर होगा। राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि यह कांग्रेस जैसी पार्टियों के लिए बुरा है, जिनकी समृद्ध भारत में कोई रुचि नहीं है। इसलिए मुझे आश्चर्य नहीं है कि गांधी परिवार ने अधीर रंजन चौधरी को फोन किया और कहा कि समिति में शामिल न हों। गौरतलब है कि कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी को 'एक देश, एक चुनाव' की जांच के लिए शनिवार को केंद्र द्वारा गठित आठ सदस्यों के समिति में शामिल किया गया था। हालांकि, उन्होंने अधीर ने पैनल में काम करने से इनकार कर दिया। इस समिति में पूर्व देशपति रामनाथ कोविन्द (अध्यक्ष) के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व राज्यसभा सांसद गुलाम



नबी आजाद को भी शामिल किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर देश को तोड़ने का आरोप लगाया और पीएम मोदी के दृष्टिकोण की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता हमारे लोकतंत्र को बर्बाद कर रहे हैं। वे न्यायपालिका, मीडिया और अर्थव्यवस्था के बारे में नकारात्मक बातें करते हैं। वे देश को तोड़ने के लिए हर चीज के बारे में बात करते हैं।

## 'देश के सभी राज्यों पर हमला है एक देश-एक चुनाव', सरकार पर बरसे राहुल गांधी



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को देश में लोकसभा चुनाव और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के विचार के लिए भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि एक देश, एक चुनाव का विचार भारतीय संघ और इसके सभी राज्यों पर हमला है। केरल में वायनाड का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का कहना है कि एक राष्ट्र, एक चुनाव का विचार भारत पर हमला है, जो उनके अनुसार राज्यों का संघ है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि इंडिया, यानी भारत राज्यों का एक संघ है। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का विचार संघ और उसके सभी राज्यों पर हमला है। गौरतलब है, केंद्र सरकार ने शनिवार को देश में एक साथ चुनाव कराने की संभावना की जांच के लिए आठ सदस्यीय समिति का गठन किया था। इसमें जिन आठ लोगों को रखा गया था उनमें कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी का नाम भी शामिल था। हालांकि, चौधरी ने समिति का हिस्सा बनने से मना कर दिया है। बता दें, केंद्र द्वारा समिति के गठन की अधिसूचना 18 से 22 सितंबर तक संसद के विशेष सत्र की घोषणा के कुछ ही दिनों बाद आई है।

हालांकि, सरकार विशेष सत्र के दौरान उठाए जाने वाले मुद्दों पर चुप्पी साधे रही। वहीं, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि एक देश, एक चुनाव पर उच्चस्तरीय समिति एक रस्मी कवायद है, जिसका वक्त अत्यधिक संदिग्ध है। इसकी संदर्भ शर्तों ने पहले ही अपनी सिफारिशें निर्धारित कर दी हैं। कानून मंत्रालय के मुताबिक, इस समिति का नेतृत्व पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद करेंगे। समिति में गृहमंत्री अमित शाह, कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद, वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, लोकसभा के पूर्व महासचिव सुभाष सी कश्यप, वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी शामिल हैं। एक सरकारी अधिसूचना में कहा गया है कि कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में उच्च स्तरीय समिति की बैठकों में भाग लेंगे।

## राज्यसभा जाएंगे यूपी के पूर्व डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा, बीजेपी ने बनाया उम्मीवार



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश में खाली हुए राज्यसभा सीट के लिए उम्मीदवार का रविवार को एलान कर दिया है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा को राज्यसभा उपचुनाव का प्रत्याशी घोषित किया है। बता दें चुनाव आयोग ने पिछले महीने ही यूपी की खाली सीट पर चुनाव का एलान किया था। बीजेपी सांसद हरद्वार के निधन के बाद यह सीट खाली हुई थी। यूपी की इस सीट पर 15 सितंबर को चुनाव होना है। बता दें कि हरद्वार दुबे (राज्यसभा सदस्या भाजपा) का 26 जून को निधन हो गया था। राज्यसभा सदस्य के रूप में उनका कार्यकाल नवंबर, 2026 में समाप्त होना था। स्थापित प्रथा के अनुसार, मतगणना 15 सितंबर को शाम 4 बजे मतदान समाप्त होने के एक घंटे बाद होगी। 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिला था। भाजपा को मिले बहुमत के कारण ही राज्यसभा में दिनेश शर्मा का चुना जाना लगभग तय माना जा रहा है। साथ ही हरद्वार दुबे की तरह ही दिनेश शर्मा भी ब्राह्मण प्रत्याशी हैं। बता दें दिनेश शर्मा ने 2017-22 तक तक योगी आदित्यनाथ की सरकार में उपमुख्यमंत्री भी रह चुके हैं।

## 'वोट बैंक, तुष्टिकरण की राजनीति के लिए सनातन धर्म की बात करते हैं' I.N.D.I.A गठबंधन पर बरसे अमित शाह

जयपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने डूंगरपुर में भाजपा राजस्थान की 'परिवर्तन संकल्प यात्रा' के दौरान रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने राज्य के गहलोत सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इस राज्य में पांच साल में केवल भ्रष्टाचार और अपराध बढ़ा है। साथ ही, उन्होंने द्रमुक और उनके INDIA गठबंधन सहयोगी कांग्रेस के नेताओं पर सनातन धर्म को खत्म करने की बात करने का आरोप लगाया। उन्होंने हिंदू संगठनों की तुलना प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से करने के लिए राहुल गांधी पर निशाना साधा। द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन की इस टिप्पणी पर कि 'सनातन धर्म' को खत्म किया जाना चाहिए और केवल विरोध नहीं किया जाना चाहिए, इस पर पलटवार करते हुए शाह ने कहा, "पिछले दो दिनों से, INDIA गठबंधन 'सनातन धर्म' का अपमान कर रहा है। द्रमुक और कांग्रेस के नेता सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के लिए 'सनातन धर्म' को खत्म करने की बात कर रहे हैं और यह पहली बार नहीं है, जब उन्होंने हमारे 'सनातन धर्म' का अपमान किया है।" शाह ने दूसरी परिवर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाने के बाद राजस्थान में एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को याद किया और कहा कि बजट पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है, लेकिन हमारा कहना है कि इसपर पहला अधिकार गरीबों, आदिवासियों, दलितों और पिछड़ वर्गों का है। भाजपा नेता ने हिंदू संगठनों की तुलना लश्कर-ए-तैयबा से करने के लिए राहुल गांधी पर कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, "आज कांग्रेस पार्टी कहती है कि अगर मोदी जी जीतेंगे तो, सनातन राज करेगा। राहुल गांधी ने कहा कि हिंदू संगठन, लश्कर-ए-तैयबा से भी ज्यादा खतरनाक हैं।" दरअसल, शनिवार को चेन्नई में एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए, तमिलनाडु सरकार में खेल और युवा मामलों के मंत्री उदयनिधि ने सनातन धर्म के खिलाफ हमला बोलते हुए कहा, "कुछ चीजों का विरोध नहीं किया जा सकता है, उन्हें केवल समाप्त किया जाना चाहिए। हम डेंगू, मच्छरों, मलेरिया या कोरोना का विरोध नहीं कर सकते, हें उन्हें जड़ से मिटाना है। उसी तरह, हमें सनातन को मिटाना है। केवल सनातन का विरोध करने के बजाय, इसे खत्म करना चाहिए।"



## अखिलेश यादव की जनता से अपील- समूह बनाकर वोट करने जाएं, किसी के दबाव में न आएं

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को मऊ जिले की घोसी सीट पर होने वाले उपचुनाव में मतदाताओं से समूह में जाकर वोट करने की अपील की है। उन्होंने जनता को संदेश जारी कर कहा कि किसी दबाव में आकर वोट न करें और अगर कोई दबाव बनाए तो उसका वीडियो बनाकर सपा कार्यकताओं को सूचित करें। अखिलेश यादव ने अपने संदेश में कहा कि आज से पहले पूरे देश में घोसी कभी भी इतना चर्चा में नहीं रहा जितना इस समय है क्योंकि महंगाई, भ्रष्टाचार और अत्याचार से पीड़ित देश भर की जनता को लग रहा है कि घोसी की जनता भाजपा को हराकर पूरे देश को एक संदेश देगी कि दल-बदल करने वाले नेताओं को अब वो खुलकर हराएगी और विधायकों को खरीदने वाली भाजपा को एक सबक सिखाएगी। जनता उसी को चुनेगी जो दुख-दर्द में उनके साथ खड़ा होता है और जनता के काम भी आता है। अखिलेश यादव ने कहा कि सिर्फ मतदान ही नहीं उसके बाद भी 8 सितंबर को परिणाम आने तक चौकन्ना रहकर अपने डाले गए मतों की चौकसी-निगरानी करें और जीत का प्रमाणपत्र लेकर ही वापस आएं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जीत सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह की नहीं जनता की होगी। घोसी सीट पर उपचुनाव के लिए 5 सितंबर को मतदान होगा।



## संपादकीय

# जी-20 भारत की शान और दिल्ली की पहचान

जैसा कि सब जानते हैं कि जी-20 एक ऐसा अंतर्राष्ट्रीय मंच है जो आर्थिक मुद्दों और इकोनॉमी से जुड़ी समस्याओं को दूर करने में सक्षम है तो वहीं भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह आह्वान एक धरती एक परिवार अर्थात वसुधेव कुटुम्बकुम का संदेश भी इसमें छिपा है। दुनिया में जलवायु से लेकर पर्यावरण तक, प्रदूषण की समस्याओं से लेकर कीमतें बढ़ने की चुनौतियां हैं, दुनिया में सब मैत्री के साथ विकास को आगे बढ़ाये। कहीं पर भी किसी देश के साथ दूसरे देश का युद्ध न हो। शांति का संदेश अगर भारत दे रहा है तो यह बात भी प्रमाणित हो रही है कि भारत दुनिया को एक परिवार मानता है और सब मिलकर आगे बढ़ें इससे बड़ी थीम और क्या हो सकती है। जी-20 को लेकर सारे देश में और विशेष रूप से दिल्ली में बहुत उत्साह है, हमने कोरोना जैसी महामारियों को झेला। इसके अलावा आर्थिक मंदी भी पूरी दुनिया ने झेली परन्तु भारत ने इन दोनों ही मुसीबत भरी मुश्किलों के दौर में खुद को तो उबारा ही साथ ही पूरी दुनिया को मिलकर आगे बढ़ने की दिशा भी दिखाई। मेरा व्यक्तिगत तौर पर यह मानना है कि दिल्ली जैसी ऐतिहासिक राजधानी की अपनी अलग किस्म की समस्याएं हो सकती हैं। अब जी-20 के आयोजन को लेकर सब समस्याएं खत्म हो रही हैं। केन्द्र और राज्य सरकारें मिलकर जी-20 को लेकर भारत की शान बढ़ाने के लिए कृत संकल्प हैं परन्तु हम सब नागरिकों का एक राष्ट्रीय कर्त्तव्य और एक राष्ट्रीय धर्म भी होना चाहिए कि अपनी दिल्ली को स्वच्छ और सुन्दर बनाकर रखें। कूड़ा और कचरा डस्टबिन में ही फैंकें, ट्रैफिक अपनी-अपनी लाइन में चले, सब लाल बत्ती पर नियमों का पालन करें। ऐसे में आधी समस्या तो वैसे ही हल हो जाएगी। ऐसा करना या ऐसी पहल के लिए तैयार होना लोगों की एक अच्छी सोच को दशार्ता है। अगर हम हर रोज सड़कों पर बाजारों में अनुशासित जीवन बिताते हैं तो हम एक राष्ट्रीय सेवा का धर्म निभा रहे हैं। किसी आयोजन का मतलब बड़ी चकाचौंध प्रस्तुत करना ही काफी नहीं बल्कि हम अनुशासित होकर अगर आगे बढ़ रहे हैं तो यह देश का शृंगार कहा जाना चाहिए। मुझे खुशी इस बात की है कि पूरा देश का हर राज्य मोदी सरकार हो या राज्यों की सरकारें सब मिलकर इस आयोजन को सफल बना रहे हैं। शिक्षा, रोजगार के अवसर, आर्थिक मंदी पर कंट्रोल जैसे विषयों के अलावा जलवायु और पर्यावरण नियंत्रण को लेकर अगर कोई साझी रणनीति भारत की अध्यक्षता में बन रही है तो हम इसका स्वागत करते हैं। कश्मीर से कन्याकुमारी तक गोवा, चेन्नई, श्रीनगर, बैंगलुर, जयपुर तक इस जी-20 के आयोजन को लेकर विदेशी प्रतिनिधियों के साथ भारतीय पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। शिक्षा और रोजगार के अलावा युद्ध टालने तक की संभावनाओं पर भारत के नेतृत्व में एक बड़ा संदेश शक्तिशाली देशों चाहे वह रूस, अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस, आस्ट्रेलिया ही क्यों न हो जाने-माने प्रतिनिधि और दिग्गज इस जी-20 की शोभा बढ़ा रहे हैं लेकिन एक सबसे बड़ी उपलब्धि भारत के खाते में दर्ज हो चुकी है। पिछले तीन सालों के आंकड़े बता रहे हैं कि कोरोना जैसी महामारी की मार झेलने वाले भारत में पर्यटन बहुत तेजी से बढ़ा है। इसमें जी-20 का बड़ा योगदान है अगर वर्ष 2023 की पहली छमाही को देखा जाए तो अकेले दिल्ली में 44 लाख टूरिस्ट आए। अब तक जी-20 के 220 आयोजन हो चुके हैं और विदेशी मेहमानों की संख्या बढ़ती जा रही है। कुल मिलाकर जहां 2019 तक अलग-अलग पर्यटन स्थलों पर देश में 53 लाख टूरिस्ट पहुंचे तो 2021 में यह आंकड़ा 68 करोड़ था लेकिन 2022 समाप्त होते-होते यह 174 करोड़ पर पहुंच गया। विदेश टूरिस्टों की संख्या में वृद्धि का एक बड़ा कारण जी-20 आयोजन है। मैंने जो आंकड़े सर्च किए हैं वो भारत की कमाई को लेकर हैं जरा देखिये 2022 और 2023 के बीच विदेशी टूरिस्टों की संख्या 104 प्रतिशत बढ़ चुकी है और आज की तारीख तक हमारे देश में 13,130,14 अरब डालर का मुद्रा भंडार बढ़ चुका है। लोग विशेष रूप से विदेशी टूरिस्ट कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारतीय चीजों को खरीद रहे हैं।

## टिप्पणी अब धर्म पर!



फायदे की खातिर ।
कर रहे प्रहार ।।
टिप्पणी अब धर्म पर ।
है तभी उद्धार ?
खेल रहे हैं आग से ।
दिए हैं गरिमा त्याग ।।
है सत्ता को खतरा ।
गए इसलिए जाग ।।
राजनीति ये अक्सर ।
ऐसे गुल खिलाती ।।
जो असली हैं मुद्दे ।
है उनसे भटकाती ।।
होगा जब दुलार कम ।
फिर ऐसे बयान ।।
बने काम अपना ।
है यही बस ध्यान ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# इसरो ने काफी संघर्ष किया है तब जाकर अब सफलता का नया इतिहास लिख पा रहा है

**योगेंद्र योगी**

चंद्रयान तीन की सफलता की गूंज पूरे विश्व में सुनाई देर ही है। पूरे देश में दीवाली जैसा जश्न मनाया गया, किन्तु इस ऐतिहासिक सफलता के भी पीछे भारतीय अंतरीक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का ऐतिहासिक संघर्ष छिपा हुआ है। क्या आप कल्पना कर सकते हैं जिसकी उपलिब्धयों का लोहा पूरी दुनिया मान रही है, उसके वैज्ञानिक कभी साइकिल और बैलगाड़ियों पर रॉकेट को लादकर प्रक्षेपण स्थल तक ले जाते थे। संघर्ष का ऐसा दौर इसरो के वैज्ञानिकों ने देखा जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद से ही रूस और अमेरिका स्पेस का सिकंदर बनने के लिए बेताब हो गए थे। दोनों देश एक दूसरे को पीछे छोड़ने के लिए पैसा पानी की तरह बहा रहे थे। सबसे पहले 1957 में रूस ने अंतरिक्ष में कदम रखा। इसके बाद अमेरिका भी रूस के पीछे-पीछे चांद पर पहंच गया। 1969 में अमेरिका ने अपोलो-11 मिशन पर 2 लाख करोड़ खर्च किए थे। जबकि मंगल तक जाने पर भारत को प्रति किलोमीटर 7 रुपए का खर्च आया था। आम तौर पर ऑटो का किराया इससे ज्यादा होता है, मंगलयान की लागत सिर्फ 400 करोड़ थी। चंद्रयान-3 की लागत मिशन इंपासिबल 7 की लागत का सिर्फ एक चौथाई यानि 25 फीसदी है। भारत की अंतरीक्ष की दौड़ में आज जो सुनहरा वर्तमान देखने को मिल रहा है, उसकी संघर्ष की कहानी एक मिसाल है। अंतरीक्ष की इस दौड़ में भारत की विजय पताका लहरा रहे भारत के वैज्ञानिकों ने ऐसे दिन भी देखे हैं जब केरल के मछुआरों के गांव थुंबा की एक चर्च के आगे खाली जगह से रॉकेट लॉन्च किया गया था। चर्च के बिशप के घर को प्रयोगशाला बनाया गया था। इससे भी



ज्यादा रोमांचकारी बात यह है कि भारत ने पहले रॉकेट के लिए नारियल के पेड़ों को लांचिंग पैड बनाया था। हमारे वैज्ञानिकों के पास अपना दफ्तर नहीं था, वे कैथोलिक चर्च सेंट मैरी मुख्य कार्यालय में बैठकर सारी प्लानिंग करते थे। अब पूरे भारत में इसरो के 13 सेंटर हैं। भारत की स्पेस की दुनिया में हिंदुस्तान का सफर केरल के तट थुंबा से हुआ था। भारत ने 21 नवंबर 1963 को अपने पहले साउंडिंग रॉकेट को लॉन्च किया था। उस वक्त दुनिया के किसी देश ने कल्पना भी नहीं की थी कि भारत एक दिन अंतरिक्ष में ऐसी उड़ान भरेगा जो सबके लिए मिसाल बन जाएगी। उस समय देश में ट्रांसपोर्टेशन के पर्याप्त साधन तक नहीं थे। जिसकी वजह से रॉकेट के हिस्से को साइकिल की मदद से लॉन्चिंग की जगह पर पहुंचाया गया था। पहले रॉकेट के कुछ हिस्सों को साइकिल पर भी ले जाया गया था।

एक समय ऐसा भी था जब संसाधनों की कमी की वजह से रॉकेटों को बैलगाड़ी से भी ले जाया गया था। 1981 में इसरो को कम्युनिकेशन सैटेलाइट के लिए एक टेस्ट करना था और पेलोड ले जाने के लिए बैलगाड़ी की मदद लेनी पड़ी थी। इसके अलावा भारत के पहले रॉकेट के लांच के समय भारतीय वैज्ञानिक हर रोज तिरुअनंतपुरम से बसों में आते थे और रेलवे स्टेशन से दोपहर का खाना खाते थे। केरल के थुंबा से पहला रॉकेट लॉन्च होने के 6 साल बाद डॉ. विक्रम साराभाई ने 15 अगस्त 1969 को इसरो की स्थापना की थी। भारत में अंतरिक्ष अनुसंधान के लिए सर्वप्रथम 1962 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और उनके करीबी सहयोगी और वैज्ञानिक विक्रम साराभाई के प्रयासों से भारतीय राष्ट्रीय समिति की स्थापना की गई थी, जिसके अध्यक्ष विक्रम साराभाई थे। बाद में सन् 1969 में डॉ. विक्रम साराभाई ने स्वतंत्रता दिवस के दिन भारतीय राष्ट्रीय समिति के स्थान पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की स्थापना की थी। डॉ. विक्रम साराभाई को भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का जनक भी कहा जाता है।

1971 में श्रीहरिकोटा में स्पेस सेंटर बना था, जिसे आज सतीश धवन अंतरिक्ष सेंटर के नाम से जाना जाता है। अब यहीं से सभी सैटेलाइट्स को लॉन्च किया जाता है। 19 अप्रैल 1975 को इसरो ने अपना पहला सैटेलाइट आर्यभट्ट लॉन्च किया। 1977 में सैटेलाइट टेलीकम्युनिकेशन एक्सपेरिमेंट प्रोजेक्ट शुरू हुआ, जो टीवी को गांव-गांव तक लेकर गया। इन्हीं मुश्किलों में हमारे वैज्ञानिकों ने पहला स्वदेशी उपग्रह एसएलवी-3 लांच किया था। यह 18 जुलाई 1980 को लांच किया गया था। दिलचस्प बात यह है कि इस प्रोजेक्ट के डायरेक्टर पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर अब्दुल कलाम थे। इस लांचर के माध्यम से रोहिणी उपग्रह को कक्षा में स्थापित किया गया। 1981 में इसरो का पहला कम्युनिकेशन सैटेलाइट लॉन्च हुआ। जब कारगिल युद्ध में दुश्मन की लोकेशन का पता लगाने के लिए अमेरिका के जीपीएस की जरूरत पड़ी थी तब अमेरिका ने मदद से साफ इंकार कर दिया और तब हिंदुस्तान ने ठाना था कि वे अब अपना जीपीएस बनाकर रहेगा। आज भारत उन चुनिन्दा देशों में शामिल है, जिनके पास अपना खुद का नेविगेशन सिस्टम है। इसी तरह एक दौर ऐसा भी था जब भारत को रूस ने अमेरिका के दबाव में आकर क्रायोजेनिक रॉकेट टेक्नोलॉजी देने से मनाकर दिया था। लेकिन भारत के वैज्ञानिकों ने ना सिर्फ स्वदेशी तकनीकि विकसित की बल्कि आज इसकी मदद से एक साथ दर्जनों सैटेलाइट अंतरिक्ष में भेज रहा है। इस लॉन्चिंग के साथ भारत ग्लोबल कॉमर्शियल मार्केट में एक मजबूत प्लेयर बनकर उभरा है। चंद्रयान-3 की उपलब्धि से निश्चित तौर पर देश में अंतरिक्ष के लिए विदेश निवेश का आकर्षित होगा। भारत अमेरिका सहित अन्य देशों की तुलना में बेहद कम कीमत पर सैटेलाइट लांचिंग का बेताज बादशाह बन चुका है।

# चीन की अर्थव्यवस्था में आ रही है बड़ी गिरावट, भारत को मौके का फायदा तुरंत उठाना चाहिए

**प्रह्लाद सबनानी**

वैश्विक स्तर पर आ रही विभिन्न आर्थिक समस्याओं के बीच, वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही, अप्रैल-जून 2023, में सेवा क्षेत्र में हुए अतुलनीय सुधार के चलते भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। भारत की अर्थव्यवस्था में उक्त विकास दर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा हाल ही में कैलेंडर वर्ष 2022 में वैश्विक स्तर पर दर्ज की गई 3.5 प्रतिशत की विकास दर की तुलना में कैलेंडर वर्ष 2023 एवं 2024 में 3 प्रतिशत रहने के अनुमान से सर्वथा विपरीत है। वैश्विक स्तर पर विभिन देशों में मुद्रा स्फीति की समस्या को हल करने के उद्देश्य से लगातार की जा रही ब्याज दरों में वृद्धि के चलते अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा वैश्विक अर्थव्यवस्था की विकास दर के अनुमान को 3.5 प्रतिशत से घटाकर 3 प्रतिशत कर दिया गया था। भारत के संदर्भ में पूर्व में यह अनुमान लगाया गया था कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद में कैलेंडर वर्ष 2023 के दौरान 5.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की जा सकेगी। परंतु, अप्रैल 2023 में इस अनुमान को बढ़ाकर 6.1 प्रतिशत कर दिया गया था।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम तिमाही के दौरान भारत की आर्थिक विकास दर के 7.8 प्रतिशत रहने एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 6.5 प्रतिशत रहने की सम्भावना जताई गई थी। परंतु, भारतीय स्टेट बैंक द्वारा 43 प्रमुख आर्थिक सूचकांकों में वित्तीय वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही, जनवरी-मार्च 2023, की तुलना में वित्तीय 2023-24 की प्रथम तिमाही के दौरान लगातार हो रहे सकारात्मक परिवर्तनों के आधार पर यह अनुमान लगाया था कि भारत की विकास दर प्रथम तिमाही के दौरान 8.3 प्रतिशत रहेगी।

केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय में जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया है। केंद्र सरकार के वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में से प्रथम तिमाही के दौरान 27.8 प्रतिशत का पूंजीगत व्यय सम्पन्न किया जा चुका है। पूंजीगत व्यय में इसी प्रकार की वृद्धि कई राज्य सरकारों के बजट खर्चों में भी दिखाई दे रही है। जैसे- आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश के पूंजीगत खर्चों में 41 प्रतिशत की वृद्धि दर दृष्टिगोचर हुई है। इसी प्रकार की वृद्धि कम्पनियों की लाभप्रदता में भी दिखाई दे रही है। कम्पनियों के टैक्स अदा करने के उपरांत लाभ की राशि में वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही के दौरान 30 प्रतिशत की वृद्धि (पिछ्ले तिमाही की तुलना में) दर्ज की गई है। विशेष रूप से बैंक, ऑटो, सूचना प्रौद्योगिकी, फार्मा एवं रिफाईनरी क्षेत्र की कम्पनियों में भारी वृद्धि दर अर्जित की गई है। यहां यह ध्यान देने की बात है कि जनवरी-मार्च 2023 तिमाही के पूर्व तक कुछ क्षेत्रों की कम्पनियों की लाभप्रदता में कुछ दबाव दिखाई दे रहा था परंतु इसके बाद से स्थिति में तेजी से सुधार दिखाई दे रहा है। भारत के विनिर्माण क्षेत्र की कम्पनियों की उत्पादन क्षमता के दोहन में भी सुधार दिखाई दे रहा है, जो अब 75 प्रतिशत से ऊपर पहुंच गया है। सामान्यतः उत्पादन क्षमता का दोहन 75 प्रतिशत से अधिक होने की स्थिति में औद्योगिक इकाईयां अपनी उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने के बारे में विचार करने लगती हैं। भारत की औद्योगिक इकाईयां अब इस स्थिति में पहुंच गई दिखाई दे रही हैं क्योंकि बैंकों द्वारा प्रदान की जा रही ऋण की राशि में पिछ्ले कुछ समय से लगातार तेजी दिखाई दे रही है। समस्त अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के ऋणों में अप्रैल-जुलाई 2023 की अवधि के दौरान 19.7 प्रतिशत की वृद्धि अर्जित हुई है जो पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान 14.5 प्रतिशत थी। ऋण राशि में वृद्धि दर लगातार पिछले कई तिमाहियों से दहाई के आंकड़े पर बनी हुई है। जबकि इन्हीं बैंकों की जमाराशि में वृद्धि दर 12.9 प्रतिशत की रही है जो पिछले वर्ष इसी अवधि में मात्र 9.2 प्रतिशत रही थी। ऋण की राशि में यह वृद्धि दर ब्याज दरों में लगातार की जा रही वृद्धि दर के चलते भी सम्भव हो सकी है। विशेष रूप से सरकारी क्षेत्र के बैंकों की वित्तीय स्थिति (ऋण राशि में वृद्धि, लाभप्रदता में वृद्धि, पूंजी पर्याप्तता अनुपात में वृद्धि, गैर-निष्पादनकारी आस्तियों में कमी, आदि) में लगातार सुधार दर्ज करते हुए अब यह बैंक मजबूत स्थिति में पहुंच गए हैं। सरकारी क्षेत्र के बैंकों ने वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में 34,418 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है, जबकि पूरे वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह एक लाख करोड़ रुपए के आसपास रहा था। पूंजी बाजार में इन बैंकों के शेयरों की कीमत में भी हाल ही के समय में अतुलनीय वृद्धि दर्ज हुई है। किसी भी देश के बैंक यदि मजबूत स्थिति में पहुंच जाते हैं तो उस देश के अन्य क्षेत्र के उद्योगों को ऋण की उपलब्धता में आसानी होती है और इसके चलते विभिन उद्योगों के उत्पादन में वृद्धि दर्ज होने लगती है। औद्योगिक क्षेत्र में बैंकों को इसीलिए केंद्रीय भूमिका में रखा जाता है। भारत की आंतरिक अर्थव्यवस्था में, विभिन्न आर्थिक मानकों पर, लगातार सुधार हो रहा है जिसके चलते भारत की विकास दर वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम तिमाही में 7.8 प्रतिशत रही है। परंतु, साथ ही, अब वैश्विक स्तर पर कुछ इस प्रकार की घटनाएं घट रही हैं जिनका असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक रूप से पढ़ता दिखाई दे रहा है।

विशेष रूप से चीन की अर्थव्यवस्था, जो विश्व की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, हाल ही के समय में बहुत गम्भीर स्थिति का सामना कर रही है। चीनी सरकार द्वारा देश की आर्थिक स्थिति को सुधारने हेतु किये जा रहे विभिन्न उपायों का कोई भी सकारात्मक असर होता दिखाई नहीं दे रहा है। प्रतिकूल जनसांख्यिकी, अमेरिका तथा यूरोपीयन देशों के साथ चीन की बढ़ती दूरियां तथा चीन के अपने पड़ोसी देशों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों के नहीं होने से चीन की आर्थिक स्थिति और अधिक खराब होने की सम्भावना बताई जा रही है। चीन में पिछले 40 वर्षों के दौरान लगातार सफलता पूर्वक चल रहे आर्थिक मॉडल पर अब संकट के बादल मंडराने लगे हैं। वैश्विक स्तर पर कई अर्थशास्त्रियों का अब यह मानना है कि चीन की अर्थव्यवस्था बहुत धीमी वृद्धि दर के युग में प्रवेश करती दिखाई दे रही है। चीन की अर्थव्यवस्था में यदि आर्थिक संकट जारी रहता है तो इसका सीधा-सीधा फायदा भारतीय अर्थव्यवस्था को मिलता हुआ दिखाई दे रहा है क्योंकि वैसे भी कोरोना महामारी के बाद से उद्योग जगत में वैश्विक स्तर पर यह सोच विकसित हो चुकी है कि चीन के साथ ही अन्य किसी देश में भी उत्पादन इकाई का होना बहुत जरूरी है। इस विचार को 'चीन+1' का नाम दिया गया है। परंतु, अब तो चीन में लगातार गहराते आर्थिक संकट के बीच कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा अपनी औद्योगिक इकाईयों को चीन से अन्य देशों में स्थानांतरित करने के बारे में गम्भीरता से विचार किया जा रहा है और कुछ कम्पनियों द्वारा तो अपनी विनिर्माण इकाईयां अन्य देशों में स्थानांतरित भी की जा चुकी हैं। बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की इस नीति का सबसे अधिक लाभ भारत को मिलने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

# एक देश एक चुनाव विचार का विरोध करने की बजाय इससे देश को होने वाले लाभ को देखें

**प्रो. संजय द्विवेदी**

अब जबकि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में 'एक देश एक चुनाव' पर विचार हेतु केंद्र सरकार ने एक समिति बना दी गई है, तब यह मुद्दा बहुत विचारणीय हो गया है। स्वस्थ, टिकाऊ और विकसित लोकतंत्र वही होता है, जिसमें विविधता के लिए भरपूर जगह होती है, लेकिन विरोधाभास नहीं होते। माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भविष्योन्मुखी दृष्टि वाले नेतृत्व में विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत धीरे-धीरे इसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। एक देश-एक टैक्स की सफलता ने इस बात को सही साबित किया है। अब तक देश के लगभग एक तिहाई राज्यों में लागू हो चुके एक नेशन-एक राशन कार्यक्रम के ऐसे ही सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। इसी प्रकार, एक देश-एक कानून (यूनिफॉर्म सिविल कोड) लागू किए जाने के विचार को भी जनता के एक विशाल वर्ग का अपार समर्थन मिल रहा है।

एक देश-एक चुनाव लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव एक साथ करवाने का एक नीतिगत उपक्रम है। इसे समझने के लिए हमें चुनाव की प्रक्रिया को समझना होगा। हमारे देश में केंद्र और सभी राज्यों में, केंद्र शासित प्रदेशों को छोड़कर, जनता द्वारा चुनी हुई सरकारें कार्य करती हैं। इनका कार्यकाल पांच वर्ष का होता है। ये कार्यकाल, किसी भी महीने पूरा हो सकता है। जब किसी निर्वाचित सरकार का पांच साल का कार्यकाल पूरा हो जाता है, तो उस राज्य में अथवा केंद्र में एक निर्धारित अवधि के अंदर नए चुनाव कराना आवश्यक होता है, ताकि वहां नई सरकार गठित की जा सके और देश और उस प्रदेश का काम फिर से सुचारू ढंग से चलना सुनिश्चित किया जा सके।

चुनावों की प्रक्रिया को निर्बाध व निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के लिए, काफी बड़े तंत्र व खर्च की आवश्यकता होती है। जितने ज्यादा चुनाव, उतनी ही ज्यादा व्यवस्था। 2023 को ही लें। इस साल राजस्थान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, जम्मू-कश्मीर, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम समेत देश के दस राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं (इनमें से कुछ राज्यों में इस साल चुनाव हो चुके हैं)। इनमें कितने समय, धन और व्यवस्था की जरूरत पड़ेगी, इसका अंदाजा लगाना कोई मुश्किल काम नहीं है। ऊपर से, इन चुनावों के खत्म होते-होते लोकसभा चुनावों की गहमागहमी शुरू हो जाएगी। अब सोचिए कि अगर इन राज्यों के और लोकसभा के चुनाव एक साथ कराने की व्यवस्था की जा सके तो कितना देश का कितना समय और धन बचेगा। आज अगर हम देश के राजनीतिक परिदृश्य पर नजर डालें, तो पायेंगे कि हर वर्ष देश को कोई न कोई हिस्सा




चुनावमय बना रहता है। लेकिन, शुरूआत में ऐसा नहीं था। देश के पहले आम चुनावों से लेकर अगले पंद्रह सालों तक, 1952, 1957, 1962, 1967 में चार बार लोकसभा चुनाव हुए और हर बार राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव भी इनके साथ-साथ ही करवाए गए। लेकिन, जब 1968-69 में अलग-अलग कारणों से कुछ राज्यों की विधानसभाएं उनका कार्यकाल खत्म होने से पहले ही भंग कर दी गईं, तो यह सिलसिला बाधित हो गया। यहां तक कि पहली बार लोकसभा चुनाव भी समय से पहले ही करवा लिए गए। चौथी लोकसभा का कार्यकाल 1972 तक था, लेकिन आम चुनाव इसके पूरा होने से पहले ही 1971 में करा लिए गए। इससे समझा जा सकता है कि अगर राज्यों के विधानसभा चुनाव और आम चुनाव एक साथ आयोजित कराने की बात की जा रही है तो इसमें कुछ भी ऐसा नहीं है, जिस पर आपत्ति की जानी चाहिए। लेकिन, जब भी केंद्र में सत्तासीन एनडीए सरकार, एक बार फिर इस व्यवस्था की बहाली की बात करती है तो विपक्ष इस तरह मुखर हो उठता है कि जैसे उसे किसी भी हाल में यह नहीं होने देना है। भाजपा विरोधी कुछ दल इसे भाजपा का सत्ता का केंद्रीकरण करने की योजना कहकर इसका विरोध जारी रखे हैं, जबकि सच तो यह है कि एक देश, एक चुनाव की अवधारणा काफी पुरानी है। इस विषय पर संविधान समीक्षा आयोग, विधि आयोग, चुनाव आयोग और नीति आयोग जैसे प्रभावशाली संस्थानों की राय भी काफी सकारात्मक है। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में राजग सरकार, राष्ट्रहित में इस विचार को और अधिक लटकाए न रखकर एक ठोस व साकार रूप देना चाहती है।

विशेषज्ञ लंबे समय से एक राष्ट्र एक चुनाव पर अपनी राय व्यक्त करते रहे हैं। वर्ष 1999 में विधि आयोग ने अपनी 170वीं रिपोर्ट में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनावों को एक साथ कराने का समर्थन किया था। रिपोर्ट का एक पूरा अध्याय इसी मुद्दे पर केंद्रित है। चुनाव सुधारों पर विधि आयोग की इस रिपोर्ट को देश में राजनीतिक प्रणाली के कामकाज पर अब तक के सबसे सटीक दस्तावेजों में से एक माना जाता है। मजबूत केंद्र एवं शक्तिशाली नेतृत्व के प्रबल पक्षधर, तत्कालीन गृहमंत्री और उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने इसे राजनीतिक स्तर पर प्रमुखता से उठाया था। वर्ष 2003 में, अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान अटल बिहारी वाजपेयी ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया था।

एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर भाजपा की इच्छाशक्ति और प्रतिबद्धता, पार्टी के 2014 और 2019 के घोषणापत्रों में भी देखी जा सकती है। दूसरी बार सत्ता संभालने के महज एक ही महीने बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 जून 2019 को इस पर चर्चा के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। इसके लिए आमंत्रित 40 दलों में से 21 दलों के नेता इस विमर्श में भाग लेने के लिए प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में रखी गई इस बैठक में शामिल हुए। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में एक कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया, जिससे इस मुद्दे पर आम सहमति बनाई जा सके और इसके काम करने के तरीकों की व्यवहारिकता और संभावनाओं को लेकर एक रिपोर्ट तैयार की जा सके।

# विद्यावती प्रेरणा पुरस्कार से सम्मानित किए गए 11 होनहार



प्रखर जौनपुर । खुटहन क्षेत्र के रुस्तमपुर गांव की पूर्व प्रधान स्व.विद्यावती पांडेय की स्मृति में पं.दीनदयाल उपाध्याय बालिका इंटर कॉलेज रुस्तमपुर द्वारा 'मेरा देश : मेरा अभिमान' विषय पर ब्लॉक स्तरीय ऑनलाइन हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रविवार को विद्यालय प्रांगण में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार डॉ. सुभाषचंद्र पांडेय ने 11 विजेता प्रतिभागियों को विद्यावती प्रेरणा पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रतियोगिता में मेजबान विद्यालय के कक्षा छठवीं के छात्र सक्षम शुक्ला को प्रथम स्थान मिला। जबकि सरस्वती इंग्लिश स्कूल बनहरा के कक्षा नौवीं के छात्र सुमित विश्वकर्मा तथा कक्षा आठवीं की छात्रा साक्षी यादव को क्रमशः द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं सांत्वना पुरस्कार के लिए ग्राम विकास इंटर कॉलेज खुटहन के कक्षा सातवीं के छात्र सौरभ उपाध्याय, गायत्री विद्या मंदिर इंटरमीडिएट के 11वीं कक्षा की छात्रा आंचल तिवारी, अनुरूप बालिका इंटर कॉलेज अकबरपुर के नौवीं कक्षा की छात्रा शुभा विश्वकर्मा, गांधी स्मारक इंटर कॉलेज के कक्षा 11वीं के छात्र अभिषेक तिवारी, पं.दीनदयाल उपाध्याय बालिका इंटर कॉलेज रुस्तमपुर के कक्षा सातवीं की छात्रा अंशिका उपाध्याय व छठवीं कक्षा के छात्र आदर्श वर्मा तथा सरस्वती इंग्लिश स्कूल बनहरा के आठवीं के छात्र नीतीश अग्रहरी व सातवीं के छात्र अंश यादव का चयन किया गया। सभी विजेता प्रतिभागियों को विद्यावती प्रेरणा पुरस्कार 2023 के तहत प्रोत्साहन राशि व प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार डॉ. सुभाषचंद्र पांडेय ने कहा कि निबंध लेखन प्रतियोगिता से बच्चों की सृजनात्मक एवं अभिव्यक्ति क्षमता में निखार आता है। विद्यालय के प्रबंधक व प्रधान संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण पांडेय बड़कऊ ने सभी आगतों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांधी स्मारक पीजी कॉलेज समोधपुर के पूर्व प्रवक्ता त्रिभुवनपति तिवारी व संचालन विद्यालय प्रभारी विनय पांडेय ने किया। ऑनलाइन प्रतियोगिता का संयोजन डॉ.आरसी पांडेय व प्रधानाचार्या प्रिया पांडेय ने किया। इस अवसर पर हरिप्रसाद मिश्र, डॉ.अनिल तिवारी, रमाशंकर तिवारी लल्लन, देवतादीन यादव, उमाशंकर तिवारी, ओमप्रकाश मिश्र, जोखन मिश्र, बृजेश उपाध्याय, अजीत यादव बड़े बाबू, रामानंद दुबे, शिवम गुप्ता आदि लोग मौजूद रहें।

# गाजीपुर, यूसुफपुर तथा मऊ के मेघावी अभिकर्ताओं को किया गया सम्मानित

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रविवार को कान्हा हवेली, महुआ बाग, गाजीपुर में भारतीय जीवन बीमा निगम के विकास अधिकारी अभिषेक बरनवाल की टीम प्रज्ञान के गाजीपुर, युसूफपुर और मऊ शाखा के अभिकताओं को उनके द्वारा वर्ष भर की मेहनत के लिए सम्मानित किया गया। अभिकताओं को आरतीय जीवन बीमा निगम के वाराणसी मंडल के वरिष्ठ मंडल प्रबंधक विनोद कुमार ने सम्मानित किया और संबोधित किया। विनोद कुमार ने निगम की नीतियों के बारे में बताया और भविष्य में निगम की दृष्टि के बारे में भी जानकारी दी। बीमा व्यवसाय में भविष्य में आने वाले चुनौतियाँ और उनसे निपटने की तैयारी के बारे में भी विनोद कुमार जी ने चर्चा की। उन्होंने अभिकताओं को ग्राहक के हित में कैसे काम करें, कैसे ग्राहकों की जरूरत को पूरा करें और उन्हें अधिकतम लाभ प्रदान कर सके, के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि कष्ट में पड़े परिवारों को भारतीय जीवन बीमा निगम ने किस तरह कष्टों से निकाला और उनके लिए एक सुखद भविष्य का निर्माण किया। इस कार्यक्रम को पारस जैन, प्रसिद्ध इंश्योरेंस ट्रेनर एवं मोटीवेटर ने मुंबई से ऑनलाइन संबोधित किया। उन्होंने अभिकताओं और उनके परिवार के सदस्यों को बीमा व्यवसाय के महत्व के बारे में बताया और कैसे ग्राहकों को सही प्लान दे सके के बारे में भी मार्गदर्शन दिया।




इस कार्यक्रम में अभिकताओं को मानसिक स्वस्थ रखने और उन्हें कार्य के तनाव से मुक्त करने हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिसमें अभिकताओं और उनके परिवार के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में गाजीपुर शाखा के मुख्य प्रबंधक एनसी बर्थवाल, एबीएम राहुल सिंह एवं प्रदीप जी तथा टीम प्रज्ञान के सभी अभिकर्ता अपने परिवार के सदस्यों के साथ शामिल हुए।

# तहसील दिवस में डीएम तथा पुलिस अधीक्षक ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

चंदौली। जिलाधिकारी श्री निखिल टी फुंडे व पुलिस अधीक्षक श्री अनिल कुमार ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर पीडीडीयू नगर तहसील में जनता की समस्यायें सुनी और त्वरित निस्तारण करने हेतु सम्बंधित अधिकारीगण को आदेशित किया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 75 मामले आए जिसमें से 07मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष भूमि से संबंधित प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीम गठित कर मौके पर त्वरित निस्तारण हेतु भेजा गया। शेष प्रार्थना पत्रों पर संबंधित विभाग के अधिकारीगण को निर्देश दिए गए। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर उपस्थित अधिकारीगण को जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की मंशानुरूप कार्य करें, नहीं तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी किसी समस्या को त्वरित निदान करने की कोशिश करें, उसमे कत्तई हीला-हवाली बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देश दिया गया की भूमि संबंधित शिकायत प्राप्त होने पर पुलिस विभाग और राजस्व विभाग आपस मे ताल-मेल बनाते हुवे संयुक्त टीम के साथ मौके पर जाए और गुणवत्तापूर्वक निस्तारित करते हुवे संयुक्त रिपोर्ट भेजे तथा निस्तारण में लिए गए निर्णय का कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।निर्णय का अनुपालन न करने वालों पर कठोर से कठोर कार्यवाही सुनिश्चित करे।

# परिवार परामर्श केंद्र में प्रस्तुत हुए 15 पारिवारिक वाद मौके पर हुआ 8 का निस्तारण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। परिवार परामर्श केंद्र गाजीपुर द्वारा पुलिस लाइंस गाजीपुर के प्रांगण में पुलिस अधीक्षक गाजीपुर ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन में कुल 15 परिवार के विवाद प्रस्तुत हुए। इनमें सरिता गुप्ता ,वीरेंद्र नाथ राम , महिला उप निरीक्षक रेनू यादव,महिला आरक्षी रोली सिंह, महिला होमगार्ड उर्मिला गिरी, महिला पीआरडी गीता देवी के अथक प्रयास से किरण देवी पत्नी विजय यादव निवासी फाहीपुर थाना जमानिया गाजीपुर की शिकायत थी कि उसकी सांस उसे बिना मतलब के परेशान करती रहती हैं इस पर पति व सांस को समझाकर विदाई करवाई गई। पुष्पा देवी पत्नी सियाराम निवासी लंगडपुर थाना कोतवाली गाजीपुर की शिकायत थी कि उसके पति शराब पीकर उसके साथ मारपीट करते रहते हैं इस पर पति को समझा कर विदाई करवाई गई अर्चना देवी पत्नी गोलू प्रजापति निवासी शिशुआपार थाना सादात गाजीपुर की शिकायत थी कि उसके पति उसके चारित्र को लेकर शंका करते रहते हैं इस पर पति को समझा कर विदाई करवाई गई फिरोज शाह पत्नी अंजुम आरा निवासी मुस्तफापुर थाना अलीनगर जनपद चंदौली की शिकायत थी कि उसके पति उसके साथ हमेशा मार पीट करते रहते हैं इस पर पति को समझा कर विदाई कराई गई लक्ष्मीना पत्नी दिलावर निवासी रामपुर माँझा थाना रामपुर मांझा गाजीपुर की शिकायत थी कि उसके पति उसे ससुराल नहीं ले जा रहे हैं इस पर पति को समझाकर विदाई करवाई गई कुसुम पत्नी ऋषि यादव निवासी अहिरौली थाना जमानिया, गाजीपुर की शिकायत की उसके पति उसे ससुराल में दवा नहीं कराते हैं इस पर पति को समझा कर विदाई करवाई गई प्रियंका पत्नी अमित मौर्य निवासी बेलहटा थाना सिधारी जनपद आजमगढ़ की शिकायत थी कि उसकी सांस अनावश्यक उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करती रहती है इस पर पति व सांस को समझा कर विदाई करवाई गई आरती निषाद पत्नी दिलीप चौधरी निवासी रानी चौक पश्चिम बाजार थाना सैदपुर गाजीपुर की शिकायत थी कि उसके पति उसके साथ मारपीट करते रहते हैं इस पर पति को समझ कर विदाई करवाई गई । सात पारिवारिक विवाद कुशलता के बाद बंद कर दिए गए । पारिवारिक विवाद को हल करने के लिए अगली तिथि 17 सितम्बर 2023 दिन रविवार निर्धारित की गई है।



# भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष ने लीची, पीपल व हरिशंकरी रोपकर मनाया जन्मदिन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद वर्मा ने अपना जन्मदिन सनशाइन स्कूल के प्रांगण में हर वर्ष की भांति इसवर्ष भी लीची का पौधा एवं पीपल एवं हरिशंकरी लगाकर पार्टी कार्यकताओं के साथ मनाया। उक्त अवसर पर प्रमोद वर्मा ने कहा पेड़ हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। हमारे जीवन आरंभ होने से मरण तक हर एक पेड़ बहुत काम आता है। पेड़ हमें न केवल ऑक्सीजन और भोजन प्रदान करते हैं, अपितु यह हमारे जीवन को जीने के लिए अति- आवश्यक वस्तुएँ जैसे कि, दवाइयाँ , स्वच्छ हवा, स्वच्छ जल, वर्षा आदि प्रदान करने में अपना विशेष योगदान देते हैं। पेड़ हमें बहुत सारी प्राकृतिक आपदाओं से भी सुरक्षित रखते हैं, तथा प्रकृति को स्वच्छ और हरी-भरी बनाने में सहायता करते हैं। पेड़ किसी इलाके का तापमान 1 से 5 डिग्री तक कम कर देता है और एक पेड़ साल भर में 22 किलोमीटर कार्बन डाइऑक्साइड सकता है और शुद्ध हवा उपलब्ध कराता है। पेड़ न केवल मनुष्यों के लिए बल्कि पंक्षियों और जानवरों के लिए भोजन और पोषण का प्रमुख स्त्रोत है पेड़ों पर लगने वाले फलों को मनुष्य वन्य जीव सामान्य रूप से खाते हैं, यदि हम अपने दैनिक जीवन पर नजर डालें तो हम देख सकते हैं कि मांस और डेयरी उत्पादन के अलावा हम जो कुछ भी खाते हैं, वह पेड़ों और पौधों से आता है। इसलिए इस अवसर पर सभी लोगों से आग्रह करता हूं कि अपने जन्मदिन पर एक पेड़ जरूर लगाए, और प्रकृति को हरा भरा बनाये। वर्मा ने ईस्ट मित्रों पार्टी कार्यकताओं को अपने जन्मदिन पर शुभकामनाएं प्रेषित करने वालों को हृदय के गहराइयों से धन्यवाद आभार प्रकट किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव, विधानसभा प्रभारी रघुवंश सिंह पप्पू, मृदुला पांडेय, दयाशंकर सिंह, धर्मवीर राजभर, शैलू सिंह, पीयूष सिंह, शिव शंकर चौहान, शिवानंद सिंह, उमाशंकर राजभर, धीरेंद्र सिंह, मुन्ना सिंह, शंभू नाथ त्रिपाठी, जमीदार सिंह, जुगनू श्रीवास्तव, अजय विक्रम सिंह, अमित, धर्मेंद्र चौरसिया, बृजेश पांडेय प्रशांत सिंह सहित प्रमुख लोग मौजूद रहे।



# रोजगार मेले में 136 युवाओं ने किया प्रतिभाग, 91 युवकों को दिया गया लेटर

चन्दौली। हिनौता जगदीशसराय स्थित हरि ओम सेवा आईटीआई संस्थान में शनिवार को टाटा मोटर्स (क्वेस कॉर्प) के तत्वावधान में जॉब मेले का आयोजन किया गया। मेले में कुल 136 बेरोजगार युवकों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि अपर जिला सूचना अधिकारी के. के. यादव व संस्थान के प्रबंधक संतोष कुमार तिवारी ने साक्षात्कार के आधार पर चयनित 91 छात्रों को ऑफर लेटर प्रदान किया। ऑफर लेटर पाकर चयनितों के चहरे खिल उठे। मुख्य अतिथि अपर जिला सूचना अधिकारी श्री यादव ने कहा कि शासन की मंशा हैं कि हर विकास खण्ड स्तर पर जॉब मेले का आयोजन कर युवाओं को रोजगार मुहैया कराया जाय। जिले में कोई बेरोजगार नहीं रहने पाए। चयनित छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकानाएं दी। प्रबंधक संतोष कुमार तिवारी ने कहा कि यह जानकर अपार खुशी हो रही हैं कि टाटा मोटर्स नौकरी के साथ साथ आईटीआई के छात्रों को डिप्लोमा की डिग्री भी देगी। जिन्हें लाखों रुपए खर्च करने के बाद मिलती हैं।

# लोकप्रिय सांसद व भोजपुरी गायक मनोज तिवारी का महाराजगंज तिराहे पर हुआ भव्य स्वागत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय सांसद, भोजपुरी गायक, अभिनेता मनोज तिवारी का आज घोसी उप चुनाव प्रचार के अंतिम दिन वाराणसी से मऊ जाते समय महाराजगंज तिराहे पर भाजपा जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में फुल माला और जोरदार नारेबाजी कर स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर मनोज तिवारी ने अपने चिर परिचित अंदाज में लोगों का अभिवादन स्वीकार किया और कहा कि भाजपा सरकार नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के के नेतृत्व में लगातार देश और प्रदेश के विकास,सम्मान एवं जनता के कल्याण के लिए काम कर रही है। मनोज तिवारी के साथ जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह के नेतृत्व में गाजीपुर के पदाधिकारियों का एक जत्था चुनाव प्रचार के लिए घोसी भी रवाना हुआ जो आज चुनाव प्रचार बन्द होने तक वहां घर घर जनसंपर्क कर लोगों को भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने का अनुरोध करेगा। इस अवसर पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रोफेसर शोभनाथ यादव, नगरपालिका अध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता, जिला महामंत्री प्रवीण सिंह दयाशंकर पांडेय, सुरेश बिंद, अच्छेलाल गुप्ता, जितेन्द्र नाथ पाण्डेय, अखिलेश सिंह, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, संतोष चौहान, मंडल अध्यक्ष गोपाल राय, प्रवीण त्रिपाठी, संजीत सेवार्थ, मुरली कुशवाहा, अनिल जायसवाल, रंजीत कुमार राम, संजय बिंद,नन्दू प्रधान, कमलेश गुप्ता, अमित जायसवाल, विनोद राय, अरविंद कश्यप, ओमकार सिंह,अरविन्द बिंद, सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता रहे।



# मेटाबोलिक सिंड्रोम को नियंत्रित कर हृदय रोग से बचाव संभव : डा. राजीव कुमार गुप्ता

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। काशी की हृदयस्थली कही जाने वाली गोदौलिया बांसफाटक मार्ग पर स्थित हिन्दू सेवा सदन अस्पताल में आईसीसीयू के प्रथम वर्षगांठ पर आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डा. राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि अनियंत्रित दिनचर्या और गलत खान-पान के कारण दिल का रोग,आघात (स्ट्रोक) और मधुमेह का खतरा बढ़ जाता है कहा कि इसमें मेटाबोलिक सिंड्रोम में उच्च रक्तचाप, खून में ज्यादा शक्कर, कमर के चारों ओर शरीर की अतिरिक्त वसा और कोलेस्ट्रॉल का असामान्य स्तर शामिल हैं मेटाबोलिक सिंड्रोम से व्यक्ति में दिल का दौरा और आघात (स्ट्रोक) का जोखिम बढ़ जाता है` कहा कि हिन्दू सेवा सदन मे आईसीसीयू को प्रारम्भ हुए एक वर्ष हो गये हैं इस दौरान कई गंभीर रोगियों का उपचार हुआ, वो रोगी जो धनाभाव के कारण प्राइवेट हॉस्पिटल मे नहीं जा सकते थे वो यहाँ ठीक हुए हिंदू सेवा सदन चिकित्सालय से जुड़े सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि अगर हम थोड़ी सी सावधानी रखें तो हृदय रोग से बच सकते हैं घी तेल का कम प्रयोग करना, रोज एक्सरसाइज मॉर्निंगवाक, योग इत्यादि करना चाहिए` सिगरेट, शराब, गुटखा, तम्बाकू इत्यादि का सेवन बिलकुल न करना और जहाँ तक हो सके मानसिक तनाव से बचना चाहिए कहा कि अब कुछ ऐसी विधियां आ गयी हैं जिनसे हम हाई रिस्क ग्रूप अर्थात जिन लोंग को हृदय रोग का खतरा है का पहले पता कर सकते हैं यदि इन रोगियों को उचित सलाह और चिकित्सा मिले तो ये लम्बे समय तक हृदय रोग से बच सकते हैं` वरिष्ठ हृदय रोग के विशेषज्ञ डॉ राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि Metabolic Syndrome ऐसा ही एक syndrome है जिससे आज काफी लोग पीड़ित हैं उनको आगे चलकर हृदय रोग होने की संभावना अधिक होती है सबसे अच्छी बात ये है कि इसको बहुत आसानी से कन्ट्रोल किया जा सकता है अगर आम जनता इसके बारे मे जान जाए तो कई परिवारों का और पूरे समाज का भला हो सकता है कहा कि हिन्दू सेवा सदन मे अब हर मंगल और शुक्रवार को Metabolic Syndrome Clinic की शुरूआत की जा रही है ये हृदय रोग से बचाव मे एक मील का पत्थर साबित होगा` प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष जयप्रकाश मुंदडा ने कहा कि हिंदू सेवा सदन चिकित्सालय आज से 88 वर्ष पूर्व चार महान विभूतियों ने चिकित्सालय की स्थापना की जो आज भी निस्वार्थ भाव से मरीजों की सेवा कर रही है कहा कि आज 20 विभागों में कुशल डॉक्टर के द्वारा उपचार किया जा रहा है मेडिसिन सर्जरी, अस्थि रोग,दांत रोग नाक-कान-गला रोग महिला एवं प्रसूति,आयुर्वेद एक्स-रे पैथोलॉजी अल्ट्रासाउंड विभाग आदि कार्यरत हैं` प्रबंध समिति के जनसंपर्क अधिकारी गौरव राठी ने बताया कि डॉ राजीव गुप्ता के निर्देशन में सीसीयू विभाग कार्य कर रहा है मंगलवार और शुक्रवार को मेट्रोबोलिक सिंड्रोम के रोग से प्रभावित मरीजों को इलाज करते हैं और यहां पर विभिन्न निशुल्क शिविरों के माध्यम से क्षय रोगियों को निशुल्क दवाई एवं निशुल्क आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक दवाइयों का वितरण भी किया जाता है` पत्रकार वार्ता में अनिल कुमार रस्तोगी ,शैलेंद्र मिश्रा (सोनू), डॉक्टर दिवाकर मिश्रा ,राजकुमार वाही, जीवी रमन, आलोक तिवारी ,अमित जायसवाल आदि उपस्थित थे।




## संक्षिप्त खबरें

### रक्तदान शिविर में पुलिस प्रशासन के लोगों ने दिया रक्त

प्रखर पिंडरा वाराणसी। अभ्युदय सेवा समिति के तत्वाधान मे अनमोल पॉलीक्लिनिक फूलपुर के परिसर में लगे रक्तदान कैम्प का शुभारम्भ रविवार को फूलपुर थानाध्यक्ष दीपक कुमार रनावत, डॉ रंगनाथ दुबे, डॉ संगीता दुबे ने संयुक्त रूप से किया । प0 दीनदयाल उपाध्याय पांडेयपुर की टीम द्वारा लगे रक्तदान कैम्प मे करीब 2 दर्जन से अधिक लोगो ने रक्तदान किया। जिसमें सिंधोरा चौकी इंचार्ज अतुल अंजान, नीलेश सिंह, खुशी सिंह, राजकुमार गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, विशाल गुप्ता, राहुल सोनी तथा फूलपुर थाना के कई सिपाही भी रहे। इस दौरान समिति के सदस्यों ने भी रक्तदान किया।

### अभिनव ज्ञान सम्मान में प्रभु नारायण इण्टर कालेज सर्वजेता बना



प्रखर रामनगर वाराणसी। सामाजिक संस्था अभिनव विचार एवं न्यू सेंट्रल पब्लिक स्कूल को संयुक्त प्रयास से आज अभिनव क्विज प्रतियोगिता सम्पन्न हुआ, अति उत्साह से भरे कार्यक्रम में नगर ७ विद्यालय ने भाग लिया। संस्था के अध्यक्ष अमूल्य सिन्हा ने क्विज प्रतियोगिता के इतिहास को सबके समक्ष पेश किया। कार्यक्रम की शुरूआत श्रीमती इसरत जहां ने प्रश्न पूछ करं किया। क्विज प्रतियोगिता के क्विज मास्टर के रुप में शेख मुख्तार चरणजीत सिंह ने प्रश्न पूछा। कार्यक्रम में डा राम आसरे सिंह और श्री श्याम कुमार केसरी ने आशीर्वाद दिया एवं पुरस्कार वितरित किया। प्रथम शुभम कुमार, केशव कुमार प्रभु नारायण इण्टर कालेज ,द्वितीय फहद खान सेंट फ्रांसिस स्कूल तृतीय स्थान डा सविता मेमोरियल चुनार कृतिका सिंह ,काजल सिंह, विशेष पुरस्कार आयुष दीक्षित श्री प्यारी देवी इण्टर कालेज हुएं।कार्यक्रम के अंत में सामाजिक संस्था अभिनव विचार के अध्यक्ष अमूल्य सिन्हा का जन्मदिन सबकी उपस्थिति में केक काटकर मनाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डा अनिल सिंह, विवेकानंद पटेल, नुरुल शेख, अशोक जायसवाल,अनुपम गुप्ता, जितेन्द्र पाण्डेय, विनोदानंद तिवारी, मंजीत सिंह, उत्कर्ष केसरी, आदि ने शिरकत किया। पुरस्कार स्व शैल मिश्रा (पत्नी विष्णु कांत मिश्र) के स्मृति में प्रदत्त हुआ।

### ऑप्टिक फ्यूजन केयर व डेज मेडिकल के तत्वाधान में हुआ नि:शुल्क नेत्र परीक्षण



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। महुआबाग स्थित ऑप्टिक फ्यूजन केयर व प्रतिष्ठित दवा कंपनी डेज मेडिकल स्टोर कोलकाता के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क नेत्र परीक्षण व दवा वितरण शिविर का आयोजन ऑप्टिक फ्यूजन केयर, महुआबाग पर किया गया। शिविर का उद्घाटन शहर के जॉइंट मेडिकल फोरम- गाजीपुर के अध्यक्ष व वरिष्ठ परामर्शदाता डॉ0 जे0एस0 राय व मुख्य सलाहकार डॉ0 यू0 सी0 राय ने संयुक्त रूप से किया। शिविर का उद्घाटन करते हुए डॉ0 जे0एस0 राय ने कहा कि हमारे शरीर मे आंखों का महत्वपूर्ण स्थान है और उनके स्वास्थ्य की देखभाल आवश्यक है। शिविर में डॉ0 यू0सी0 राय ने कहा कि यदि आंखे ठीक रहती हैं तो हम अपने दैनिक कार्यो को आसानी से कर सकते है और साथी ही उन्होंने ऑप्टिक फ्यूजन सेंटर के डायरेक्टर डॉ0 फिरोज अहमद व डेज मेडिकल कम्पनी, उनके दवा प्रतिनिधि व प्रबंधकों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आज के इस व्यावसायिक दौर में आमजनता के लिए निःशुल्क जांच व दवा वितरण का कार्य काफी सराहनीय है। और इसे आगे भी जारी रखने की अपील की जिससे अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हों सकें। निःशुल्क नेत्र परीक्षण व दवा वितरण शिविर में नीमा के डॉ0 ए0सी0 पांडेय, डॉ0 एस0डी0 यादव, डॉ0 जेड0यू0 अंसारी, आर0एम0 राय, समीर शाह (मैनेजर) समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए। डॉ0 फिरोज अहमद द्वारा 60 मरीजों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण कर उन्हें उचित दवा दिया गया। डॉ0 फिरोज अहमद ने सभी आगन्तुकों व मरीजों का आभार प्रकट किया और कहा कि हमारी संस्था द्वारा हमेशा वैश्विक स्तर के मानक के अनुरूप अच्छी क्वालिटी की मशीनों से नेत्र परीक्षण कर उचित परामर्श दिया जाता है और भविष्य में भी वह इस तरह के नेक कार्य को जारी रखेंगे और आमजनता को लाभ दिलाने की हर सम्भव कोशिश करते रहेंगे।

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम की सफलता और क्रियान्वयन के लिए हुई बैठक



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के सफलता और क्रियान्वयन को लेकर भाजपा सदर मंडल पश्चिमी की बैठक मंडल अध्यक्ष गोपाल राय की अध्यक्षता में बाबा घरभरन दास शिक्षा निकेतन महाराजगंज पर हुई। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी अशोक पांडेय ने कहा कि 8 से लेकर 13 सितम्बर तक मंडल के प्रत्येक घरों के आंगन कि मिट्टी संकलित करने मे भाजपा कार्यकर्ता और नेता समर्पित रुप से लगकर सहयोग करें। उन्होंने बुथ तथा गांव स्तर पर इस कार्य के लिए जिम्मेदार लोगों के नाम पर भी विचार विमर्श किया। जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा ने कहा कि जबसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली है तब से देश के शहीदों, समर्पितों के सम्मान को प्रमुखता से महत्व मिल रहा है। जहां समय समय पर तिरंगा यात्रा के माध्यम से शहिदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के प्रतिमाओं कि साफ - सफाई, माल्यार्पण तथा कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित करने के साथ साथ राष्ट्र सम्मान के प्रत्येक विषय पर सदैव समर्पित होकर कार्य किया है।उन्होंने कहा कि "मेरी माटी, मेरा देश" उन सभी ज्ञात अज्ञात स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों,वीर बलिदानियों को समर्पित है जो इस भारत भूमि के प्रति स्वयं को न्यौछावर कर दिया। मंडल अध्यक्ष गोपाल राय ने उपस्थित नेताओं कार्यकताओं का स्वागत अभिनन्दन करते हुए बैठक की प्रस्तावना प्रस्तुत किया। संचालन महामंत्री मुरली कुशवाहा ने किया। इस अवसर पर रामजी बलवंत, अरविंद सिंह, काशी चौहान, शम्भूनाथ बिंद, कमलेश गुप्ता, उदय प्रताप सिंह, विनय प्रकाश बिंद, मंडल मीडिया प्रभारी परवेज खान,अनुप बिंद सहित आदि अन्य लोग उपस्थित रहे।

# लोन का इस्तेमाल गोयल ने निजी खर्च के लिए किया

■ धनशोधन मामले में जेट एयरवेज के संस्थापक की गिरफ्तारी के बाद ईडी ने बताया एयरलाइन ने पैसा कुछ 'टैक्स हेवेन में भेजा



**नई दिल्ली/मुंबई (भाषा)।** जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल और उनके परिवार के सदस्यों के लिए बैंक-ऋण निधि से 1000 करोड़ रुपये के संदिग्ध और व्यक्तिगत खर्च किए गए, जबकि एयरलाइन ने पैसा कुछ 'टैक्स हेवेन' (ऐसे देश जहां कर की दर बहुत कम या शून्य है) में भेजा। यह आरोप ईड ने गोयल को धनशोधन मामले में गिरफ्तारी के बाद शनिवार को लगाया।

संघीय जांच एजेंसी ने गोयल (74) को दिल्ली से अपने मुंबई कार्यालय ले जाने के बाद शुक्रवार देर रात हिरासत में ले लिया था। धनशोधन रोधी अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज मामलों की सुनवाई के लिए लिए गठित एक विशेष अदालत ने शनिवार को उन्हें 11 सितम्बर तक 10 दिनों के लिए ईडी की हिरासत में भेज दिया। एजेंसी ने एक बयान जारी करके दावा किया कि गोयल के समूह जेट एयरवेज (इंडिया) लिमिटेड (जेआईएल) की कुल एनपीए 5,951.46 करोड़ रुपये है और इसमें से नौ बैंकों के परिसंघ में से सबसे बड़ा हिस्सा (1,636.23 करोड़ रुपये) एसबीआई का है। ईडी की जांच में पाया गया है कि पेशेवर और परामर्श की आड़ में 1000 करोड़ रुपये के संदिग्ध खर्चों को दर्ज किया गया, नरेश गोयल और उनके परिवार के सदस्यों के व्यक्तिगत खर्चों को कंपनी के खर्च में दर्ज किया गया था और बेहिसाबी लेनदेन को प्रमोटर के विदेशी खातों में जमा किया गया था।

ईडी ने आरोप लगाया कि जेआईएल ने सामान्य बिक्री एजेंटों के कमीशन की आड़ में दुबई, आयरलैंड और ब्रिटिश वर्जिन द्वीप समूह सहित अन्य 'टैक्स हेवेन' स्थित विदेशी संस्थाओं को धन भेजा, जिसका भुगतान गोयल और उनके सहयोगियों से जुड़े संबंधित पक्षों और संस्थाओं को किया गया। एजेंसी ने कहा है कि जुलाई में उनके खिलाफ छापेमारी के बाद गोयल को दो बार तलब किया गया था, लेकिन वह पेश नहीं हुए। जेट एयरवेज ने नकदी खत्म होने के बाद अप्रैल 2019 में अपना परिचालन बंद कर दिया। बाद में गोयल ने एयरलाइन के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। धनशोधन रोधी कानून की आपराधिक धाराओं के तहत दर्ज ईडी का मामला, कथित मामले के संबंध में जेट एयरवेज, गोयल, उनकी पत्नी अनीता और कंपनी के कुछ पूर्व अधिकारियों के खिलाफ केनरा बैंक में 538 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के संबंध में सीबीआई द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी पर आधारित है।

ईडी ने गोयल, सीए और सलाहकारों के खिलाफ छापे मारे, जिन्हें जेआईएल ने बीते वर्षों में 'बड़े भुगतान' किए थे। सीबीआई की प्राथमिकी बैंक की शिकायत पर दर्ज की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उसने जेआईएल को 848.86 करोड़ रुपये की ऋण सीमा और ऋण मंजूर किए थे, जिसमें से 538.62 करोड़ रुपये की राशि बकाया थी।

# बहुविवाह प्रथा पर प्रस्तावित विधेयक के लिए 150 सुझाव प्राप्त हुए : हिमंत



■ राज्य में बहुविवाह प्रथा को समाप्त करने के प्रस्तावित विधेयक पर लगभग 150 सुझाव प्राप्त हुए हैं और इनमें से केवल तीन सुझावों में ही विरोध दर्ज कराया गया है

**गुवाहाटी (भाषा)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को कहा कि राज्य में बहुविवाह प्रथा को समाप्त करने के प्रस्तावित विधेयक पर लगभग 150 सुझाव प्राप्त हुए हैं और इनमें से केवल तीन सुझावों में भी ही विरोध दर्ज कराया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कानून का अंतिम मसौदा तैयार करने का काम अब शुरू होगा और इसे अगले 45 दिन में तैयार कर लिया जाएगा। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में कहा, 'बहुविवाह प्रथा पर प्रतिबंध लगाने के लिए प्रस्तावित विधेयक पर हमें कुल 149 सुझाव प्राप्त हुए हैं। इनमें से 146 सुझाव विधेयक के पक्ष में हैं। इससे साफ है कि विधेयक को मजबूत जनसमर्थन मिला है। हालांकि, तीन संगठनों ने इस विधेयक पर अपना विरोध जताया है।'

असम सरकार ने 21 अगस्त को एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर इस प्रस्तावित कानून पर जनता की राय मांगी थी। इसमें लोगों से 30 अगस्त तक ईमेल या पोस्ट के जरिए अपनी राय भेजने का अनुरोध किया गया था।

असम सरकार ने 12 मई को विशेषज्ञ समिति गठित की थी, जिसका उद्देश्य बहुविवाह प्रथा को प्रतिबंधित करने के लिए कानून बनाने के विधानसभा के वैधानिक अधिकार का अध्ययन करना था। छह अगस्त को सौंपी गई रिपोर्ट में कहा गया है कि राज्य विधानमंडल वैवाहिक प्रथा पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून बनाने में सक्षम है।

# 'इंडिया' को देश के समक्ष उचित एजेंडा रखना चाहिए : शिवेसना (यूबीटी)

■ 'सामना' में प्रकाशित संपादकीय में कहा गया कि सभी राज्यों में सीट बंटवारे के मुद्दे का शांतिपूर्ण समाधान होना चाहिए

**मुंबई (भाषा)।** शिवसेना (यूबीटी) ने शनिवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने अगर देश के सामने उचित तरीके से एजेंडा नहीं रखा तो उसकी कोशिशें बेकार हो जाएंगी।

पार्टी की यह टिप्पणी अगले लोकसभा चुनाव में केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा का एकजुट तरीके से मुकाबला करने के लिए गठित विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की मुंबई में संपन्न हुई बैठक के एक दिन बाद आई है।

उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' में प्रकाशित संपादकीय में कहा गया कि सभी राज्यों में सीट बंटवारे के मुद्दे का शांतिपूर्ण समाधान होना चाहिए। विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन ने शुक्रवार को 2024 के लोकसभा चुनाव को 'जहां तक संभव हो' एक साथ मिलकर लड़ने की प्रतिबद्धता जताई। इसने साथ ही इस बात पर जोर दिया कि राज्यों में सीट-बंटवारे की व्यवस्था 'देने और लेने की सहयोगात्मक भावना' के साथ यथाशीघ्र संपन्न की जाएगी। 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूशिव अलायंस' (इंडिया) के घटक 28 दलों के कुल 63 प्रतिनिधियों ने मुंबई के ग्रैंड हयात होटल में हुई बैठक में हिस्सा लिया।

संपादकीय में कहा गया कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का राज्य में वामदलों के साथ मतभेद है लेकिन दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों ने 'इंडिया' गठबंधन की बैठक में हिस्सा लिया। 'सामना' में लिखा गया कि केरल में भी इसी तरह कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी प्रतिद्वंद्वी हैं। वहीं, आम आदमी पार्टी दिल्ली और पंजाब में बातचीत करने को तैयार है जबकि महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी के घटकों के बीच कोई मतभेद नहीं है। एमवीए में शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और राकांपा शामिल हैं जिन्होंने 'इंडिया' की दो दिवसीय बैठक की मेजबानी की। समन्वय के प्रयासों को रेखांकित करते हुए संपादकीय में कहा गया कि जम्मू-कश्मीर में महबूबा मुफ्ती नीत पीडीपी और फारूक अब्दुल्ला नीत नेशनल कॉन्फ्रेंस भी एक साथ आए हैं।

संपादकीय में कहा गया, 'इन धागों (दलों) को न टूटने वाले रेशों से बुना गया है लेकिन उचित एजेंडा जनता के सामने नहीं रखने की स्थिति में ये तमाम कोशिशें बेकार हो जाएंगी।' इसमें कहा गया कि अगर 'तानाशाह' से लड़ना है तो सभी 28 दलों को मुक्त संवाद करना होगा। शिवसेना (यूबीटी) ने 18 से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र आहूत करने को लेकर केंद्र पर निशाना साधा।

# पीएम बताएं, अडाणी के खिलाफ जांच क्यों नहीं करा रहे : राहुल

**रायपुर (एसएनबी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री को देश की जनता को बताना चाहिए कि वह अडाणी के खिलाफ जांच क्यों नहीं करा रहे हैं।

राहुल ने कहा, नफरत एवं हिंसा से देश प्रगति नहीं कर सकता है और न ही वह आर्थिक रूप से सशक्त हो सकता है। गांधी ने शनिवार को नवा रायपुर में राजीव युवा मितान सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, कुछ दिनों पहले आर्थिक मामलों के दुनिया के सबसे बड़े अखबार ने लिखा था कि नरेन्द्र मोदी के करीबी अडानी ने हिंदुस्तान से हजारों करोड़ रुपये बाहर भेजे और उस पैसे से स्टॉक मार्केट में अपने शेयर के दाम बढ़ाए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए तथा देश को और छत्तीसगढ़ युवाओं को बताना चाहिए कि वह अडानी की जांच क्यों नहीं करा रहे हैं। ऐसी क्या बात है कि नरेन्द्र मोदी जांच नहीं करा रहे हैं। हिन्दुस्तान से जो हजारों करोड़ रुपए बाहर गए वह किसका पैसा था। वह अडानी का पैसा नहीं था, किसी और का पैसा था। गांधी ने कहा, मैं आपको साफ कर देता हूं कि हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री अडानी की कोई जांच नहीं करा सकते क्योंकि जांच का नतीजा निकल गया तो उसका नुकसान अडानी को नहीं किसी और को होगा।



■ कहा, क्योंकि जांच का नतीजा निकल गया तो उसका नुकसान अडाणी को नहीं किसी और को होगा

कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, भाजपा और नरेन्द्र मोदी हिन्दुस्तान के दो-तीन अरबपतियों के लिए काम करते हैं। नाम आप जानते ही हैं। राहुल गांधी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, कुछ महीने पहले कर्नाटक में चुनाव हुआ एक तरफ भाजपा और उनकी विचारधारा तथा दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी की विचारधारा थी। उनका काम लोगों को बांटने का, नफरत फैलाने का, हिंसा फैलाने का है। हमारा काम लोगों को जोड़ने का है तथा नफरत के बाज़ार में मोहब्बत की दुकान खोलने का है। छत्तीसगढ़ में हमने किसानों को धान के लिए सही दाम दिया। हम झूठे वादे नहीं करते। हम 15 लाख रुपये देने का वादा नहीं कर सकते।

गांधी ने कहा, देश नफरत से आगे नहीं जा सकता है। हिंसा से देश आगे नहीं जा सकता है, इससे अर्थव्यवस्था नहीं बढ़ सकती है। मोहब्बत से, इज्जत से काम किया जाता है और देश को जोड़ा जाता है तथा सब को एक साथ लाया जाता है तो देश तेजी से प्रगति करता है। भाजपा आदिवासियों को वनवासी कहती है क्योंकि वह नहीं चाहती कि वे जंगल से बाहर आएं और विभिन्न क्षेत्रों में अपने सपनों को पूरा करें।

# महाराष्ट्र : हिंसा मामले में 360 लोगों पर मुकदमा, प्रदर्शन जारी

■ जालना में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर हुआ था विरोध प्रदर्शन

**औरंगाबाद (भाषा)।** महाराष्ट्र के जालना जिले में मराठा आरक्षण की मांग को लेकर प्रदर्शन हिंसक होने तथा कुछ पुलिसकर्मियों एवं अन्य के घायल होने के बाद शनिवार की स्थिति नियंत्रण में है और पुलिस ने 360 से अधिक लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने हिंसा में कथित तौर पर संलिप्त 16 लोगों की पहचान कर ली गई है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने औरंगाबाद से लगभग 75 किलोमीटर दूर अंबाद तहसील में धुले-सोलापुर रोड पर अंतरवाली सारथी गांव में हिंसक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले छोड़े थे। अधिकारियों ने बताया कि मनोज जारांगे के नेतृत्व में प्रदर्शनकारी मंगलवार से ही गांव में मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग को लेकर भूख हड़ताल कर रहे थे। उन्होंने बताया कि स्थिति तब बिगड़ी जब डॉक्टरों की सलाह पर पुलिस ने जारांगे को अस्पताल में भर्ती कराने की कोशिश की। पुलिस ने बताया कि आंदोलन हिंसक हो गया क्योंकि कुछ लोगों ने राज्य परिवहन की बसों और निजी वाहनों को निशाना बनाया। ग्रामीणों का दावा है कि पुलिस ने हवा में कुछ राउंड फायरिंग की, लेकिन अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

शनिवार को आंदोलनकारी अपनी मांग पर अड़े रहे और कहा कि जब तक सरकार मराठा समुदाय को आरक्षण नहीं दे देती तब तक वे आंदोलन जारी रखेंगे। उन्होंने अपने 'शांतिपूर्ण' आंदोलन के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल उठाया और पूछा कि उन्होंने हवा में गोलियां क्यों चलाईं और प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज क्यों किया? पुलिस के मुताबिक, हिंसा में करीब 40 पुलिसकर्मी और कुछ अन्य लोग घायल हुए हैं। उसने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने राज्य परिवहन बसों कम से कम 15 बसों और कुछ निजी वाहनों को आग के हवाले कर दिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, 'जालना के गोंडी पुलिस थाने में 16 आंदोलनकारियों, जिनकी पहचान कर ली गई है, और लगभग 350 अन्य लोगों के खिलाफ शुक्रवार को हुई हिंसा के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है।'

# ईडी ने कोलकाता की कंपनी पर छापा मारा

**नई दिल्ली (भाषा)।** ईडी ने शनिवार को कहा कि उसने हाल ही में कोलकाता स्थित एक कंपनी पर छापा मारा, जो कथित तौर पर एक अनधिकृत कॉल सेंटर चलाती है और जिसकी सहयोगी कंपनियों को ब्रिटेन में एक अवैध 'स्लैमिंग' के लिए दंडित किया गया था। 'स्लैमिंग' किसी उपभोक्ता की सहमति के बिना उसके टेलीफोन सेवा प्रदाता को अवैध तरीके से बदलने को कहा जाता है।

मेट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के मालिक और निदेशक कुणाल गुप्ता के 11 परिसरों पर 31 अगस्त को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत छापे मारे गये थे। एजेंसी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, ईडी की जांच में पाया गया कि कंपनी के प्रतिनिधियों ने अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में 'फर्जी' प्रौद्योगिकी सहायता प्रस्तावों, 'भ्रामक' वेबसाइट बिक्री और नकली मोबाइल ऐप के माध्यम से 'फर्जी' ऋण प्रस्तावों के जरिये भोले-भाले लोगों को निशाना बनाया और पीड़ितों से पर्याप्त रकम ऐंठे। इसमें कहा गया है कि गुप्ता ने ब्रिटेन, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में कंपनियां स्थापित की थीं।

ईडी ने कहा, यह भी पता चला है कि उनकी ब्रिटेन स्थित दो कंपनियों पर वहां के दूरसंचार नियामक 'ऑफकॉम' द्वारा स्लैमिंग के लिए भारी जुर्माना लगाया गया है। एजेंसी ने कहा, 'धनशोधन' के जरिये कमाया गया पैसा होटल, क्लब और कैफे जैसे क्षेत्रों में लगाया गया था और यह अवैध धन को वैध बनाने की एक चाल थी। धनशोधन का यह मामला विधाननगर पुलिस की ओर से दर्ज की गई एक प्राथमिकी पर आधारित है। ईडी ने कहा, पुलिस ने कॉल सेंटर को सील कर दिया है।

# न्यायपालिका में 'भ्रष्टाचार' संबंधी टिप्पणी को लेकर गहलोत को नोटिस

**जयपुर (भाषा)।** राजस्थान उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को उस जनहित याचिका पर कारण बताओ नोटिस जारी किया, जिसमें न्यायपालिका पर टिप्पणी का स्वतः संज्ञान लेते हुए उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया था।

न्यायपालिका में 'भ्रष्टाचार' की तरफ इशारा करने वाली गहलोत की टिप्पणी के बाद स्थानीय अधिवक्ता शिवचरण गुप्ता ने बृहस्पतिवार को यह जनहित याचिका दायर की थी। न्यायमूर्ति एम एम श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने शनिवार को याचिका पर सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। गहलोत ने बुधवार को जयपुर में संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया था कि न्यायपालिका में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार व्याप्त है। उन्होंने कहा था, 'मैंने सुना है कि कई वकील तो फैसला लिखकर ले जाते हैं और वही फैसला सुनाया भी जाता है।'

## दबी जुबान से

### ...विपक्ष की बैठक फुस्स करने को मारा छक्का



विपक्ष के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ मुंबई में एकजुट हुए तो मीडिया उनकी खबरें छापने और प्रसारित करने लगा। 30 अगस्त से ही विपक्षी नेता चर्चा में आने लगे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अपना स्टाइल है। वह मीडिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए कोई न कोई उपाय कर लेते हैं। विपक्ष की बैठक के साथ भी ऐसा ही हुआ। मोदी सरकार ने 31 अगस्त को एक सूचना बम फेंक कर सबको चौंका दिया। संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, सरकार 18 से 22 सितम्बर तक पांच दिन का सत्र बुलाएगी। उनके इस बयान से सस्पेंस का माहौल बन गया। टीवी चैनलों की सारी बहत एक देश एक चुनाव पर केंद्रित हो गई। कुल मिलाकर प्रधानमंत्री की रणनीति काम आई और मीडिया में विपक्ष की जगह सरकार की ही चर्चा हो गई।

### विपक्षी गठबंधन बिना दर्शक वाला घूमता टॉकीज

विपक्ष के गठबंधन को लेकर सत्तापक्ष अनेक तरह के कटाक्ष करता है। प्रधानमंत्री इंडिया गठबंधन को घमंडिया बता चुके हैं। उससे अलावा कुछ नेताओं ने इस अहंकारी गठबंधन बताया और किसी ने कुछ। अब संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का मजाक उड़ाते हुए उसकी तुलना यात्रा कर रहे बिना दर्शक वाले टॉकीज से की। जोशी ने कहा, यह भ्रम और विरोधाभासों का पुलिदा है। जोशी ने कहा, यात्रा करने वाला टॉकीज खाली है। अंततः कोई असर नहीं पड़ने वाला। अब तक तीन बैठकें हुई है, लेकिन अभी तक वे अंतिम निर्णय पर नहीं पहुंच सके हैं। यह तो उनकी हालत है। उन्होंने कहा, लोग इसलिए भी उन पर भरोसा नहीं करते, क्योंकि आम आदमी पार्टी पहले से कांग्रेस के खिलाफ बोल रही है, कम्युनिस्ट भी कांग्रेस के खिलाफ बोल रहे हैं और कांग्रेस तथा कम्युनिस्ट मिलकर ममता बनर्जी के विरुद्ध हैं और स्वयं ममता भी कांग्रेस में विरोध में बोल रही हैं।

### हाथ मिलाना तो मजबूरी है न

विपक्ष के गठबंधन आईएनडीआईए के नेताओं के दिल आपस में मिले हुए हों या न हों लेकिन उनके हाथ तो फिलहाल मिले हुए दिखाई दे ही रहे हैं। हाथ मिलाना उनकी मजबूरी है, दरअसल आपस में हाथ में हाथ मिलाए खड़े दिखाई दे रहे अनेक नेता ऐसे हैं जो चाहते तो भाजपा से हाथ मिलाना हैं लेकिन भाजपा में तरजीह नहीं मिल रही तो मजबूरी में दूसरे खेमे में जाकर हाथ मिला रहे हैं। हाथ मिलाने की एक मजबूरी अपने अस्तित्व को बचाना भी है, आपस में गलबहियां डाले यह सभी दल व नेता जानते हैं कि यदि गलबहियां टूटी तो राजनीति में अस्तित्व बचाना भी मुश्किल हो सकता है। अब ऐसे में दिल में भले ही वह आपस में ही एक-दूसरे से दूर दूर हों लेकिन चुनाव तक हाथ तो मिलाये ही रहेंगे।

### शिखर सम्मेलन..सकते में आला अधिकारी

जी20 शिखर सम्मेलन में दक्षता का आकलन करने संबंधी समिति ने स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों की क्षमता पर सवालियां निशान लगा दिए। लंबे समय से एक ही पद पर जमे इन अधिकारियों के कामकाज के प्रति निपुणता सटीक न होने से उन्हें दूसरी जिम्मेदारियां दी गई है। अब इनकी जगह युवा अधिकारियों को कामकाज करने मौका दिया गया है। अधिकारियों के दिल की धड़कन इस वजह से भी बढ़ गई है कि वे तो लंबे समय तक अपनी काबिलियत से मंत्री जी उनके मातहत निजी सचिवों का लोहा मनवाते रहे हैं। फिर यह परिवर्तन भला कैसे कर दिया गया। चूंकि स्वास्थ्य मंत्री भी जी20 हेल्थ समिट में शिरकत करने वाले विदेशी मेहमानों के समक्ष सटीक तथ्यों के आधार पर अपनी योजनाओं को रखने की स्ट्रेट्जी तैयार कर रहे हैं। इस वजह से वे खुद ही सभी तैयारियों को बारिकियों से नजर रखे हुए हैं। इस मामले में वे फिलहाल सिर्फ पीएमओ की एडवाइजरी को तवज्जों दे रहे हैं। अब इनकी पैरबी मंत्री जी तक करते आ रहे हेल्थ मिनिस्ट्री सेकटारियट का के अधिकारी भी असहज और असहाय महसूस कर रहे हैं। इस मुद्दे पर अधिकारी यही कह कर संतोष कर रहे है कि कुछ दिन शेष है जी20 खत्म हो जाएगा, तो स्थितियां सामान्य हो जाएगा। साथ ही उनमें इस बात को लेकर आशंका है कि कहीं उनका डिपार्टमेंट ही न छिन जाए। अब यह भी फिलहाल यक्ष प्रश्न है जिसका सकारात्मक उत्तर कोई भी देने से कन्नी काट रहा है।

### दम है 'इंडिया' में



रसोई गैस सिलेंडरों के दाम दो सौ रुपये कम होने पर तृमूकां प्रमुख एवं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की त्वरित टिप्पणी आई, 'इंडिया' में दम है। अभी 'इंडिया' की दो बैठकें हुईं और गैस सिलेंडरों के दाम कम हो गए। विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' की सहभागी ममता ममता बनर्जी का यह बयान भले ही राजनीतिक हो सकता है, लेकिन सीधे तौर पर इसका लाभ उपभोक्ताओं को मिला है। लिहाजा यह उम्मीद जरूर की जा सकती है कि आने वाले कई राज्यों के विधानसभा चुनावों और आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सरकार कई और भी राहतभरी घोषणाएं कर सकती हैं। फिलहाल विपक्षी दल 'इंडिया' के बहाने अपनी वाहवाही बनाए रखे कि उनका दबाव ही सही, किन्तु फायदा तो उपभोक्ताओं को मिला। नहीं तो कच्चे तेल के दाम घटने के बावजूद पेट्रोल और डीजल की कीमत करने की विपक्ष की मांग अब भी बरकरार है।

### राहुल के लिए कराई फजीहत

कांग्रेस राहुल गांधी को खास अहमियत देने के चक्कर में क़भी-कभी अपनी फजीहत भी करवा लेती है। शुक्रवार को मुंबई में 'इंडिया' की प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लालू प्रसाद, स्टालिन, अरविंद केजरीवाल, सीताराम येचुरी और नीतीश कुमार ने संबोधित किया तब उनके पीछे व्यवस्था में लगे नेता काफी संख्या में नजर आ रहे थे। सीधे प्रसारण के दौरान कैमरे की फ्रेम में बड़े नेताओं के साथ इन नेताओं की भी तस्वीर आ रही थी। जैसे ही राहुल गांधी प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करने के लिए माइक लगी जगह पर आए कांग्रेस ने सारे नेताओं को उनके पीछे से हटा दिया। इससे स्क्रीन पर सिर्फ राहुल गांधी नजर आने लगे। कांग्रेस ने ऐसा 'ट्रीटमेंट' सिर्फ राहुल गांधी को दिया जिसे दूसरे दलों ने पसंद नहीं किया।

### क्या ममता रूठ गई हैं?

विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की जो समितियां बनी हैं, उसमें एक समिति छोड़कर बाकी समितियों के लिए तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी ने अपनी पार्टी से किसी प्रतिनिधि का नाम नहीं दिया है। एक अकेली तृणमूल कांग्रेस ऐसी पार्टी है, जिसने प्रतिनिधि का नाम नहीं दिया है। इसकी वजह से अटकलें लगाई जाने लगी है कि ममता बनर्जी खुश नहीं हैं। वह 'इंडिया' की प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी शामिल नहीं हुईं। वैसे भी अगर पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और वामदल तृणमूल कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव नहीं लड़ते हैं तो ममता बनर्जी की 'इंडिया' में कोई खास भूमिका नहीं रह जाएगी।

■ नारदजी

## समस्तीपुर कोर्ट में गोलीबारी कांड

# राजद नेता रामबाबू राय समेत तीन गिरफ्तार

**समस्तीपुर (वार्ता)।** बिहार के समस्तीपुर न्यायालय परिसर में पिछले दिन गोली मारकर दो कैदियों को घायल करने के मामले मे पुलिस ने कल्याणपुर प्रखंड राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष रामबाबू राय समेत तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी ने शनिवार को यहां बताया कि पिछले 26 अगस्त को समस्तीपुर न्यायालय में पेशी के दौरान अपराधियों ने दो कैदी प्रभात चौधरी एवं प्रभात तिवारी को गोली मारकर घायल कर दिया था। उन्होंने बताया कि इस मामले के उदभेदन के लिए सदर पुलिस उपाधीक्षक संजय कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर इस कांड का मास्टर माइंड एवं समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर प्रखंड राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष रामबाबू राय, शूटर मोहम्मद ओबैस और हथियार तस्कर अमन कुमार उर्फ कारगिल को गिरफ्तार कर लिया है।

# अयोध्या में शीघ्र बनेगा 'मंदिर संग्रहालय' : उप्र सरकार

■ मंदिर 10 एकड़ से अधिक भूमि पर बनाने की योजना

**अयोध्या (उप्र), (भाषा)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने देशभर के प्रसिद्ध मंदिरों के इतिहास को प्रदर्शित करने के लिए अयोध्या में एक संग्रहालय बनाने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि सरकार इस परियोजना के लिए एक विस्तृत खाका तैयार कर रही है।

अयोध्या के आयुक्त गौरव दयाल ने बताया कि यह मंदिर 10 एकड़ से अधिक भूमि पर बनाये जाने की योजना है और इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष एक प्रस्तुतीकरण दिया गया। उन्होंने कहा कि इसके लिए भूमि का चयन अभी नहीं किया गया है।

दयाल के अनुसार संग्रहालय में मंदिर के विभिन्न पहलुओं जैसे उसके डिजाइन, निर्माण आदि को प्रदर्शित करने वाली अलग-अलग दीर्घाएं होंगी। प्रस्तावित संग्रहालय की दीर्घाओं में देश के प्रसिद्ध मंदिरों की विशिष्टताओं और वास्तुकला को चित्रों और भित्ति चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें 'लाइट एंड साउंड शो' भी आयोजित किया जाएगा।

अयोध्या के जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश के पर्यटन विभाग ने संग्रहालय की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करनी शुरू कर दी है। 'इस संग्रहालय का मुख्य उद्देश्य हिंदू धर्म और इसकी विरासत के बारे में जागरुकता लाना है, साथ ही दर्शन, धार्मिक व्यक्तित्व, धार्मिक केंद्र, हिंदू तीर्थस्थलों को भी यहां प्रदर्शित किया जाएगा।' उन्होंने कहा कि परिसर में एक बगीचा, तालाब, कैफेटेरिया और बेसमेंट में पार्किंग भी बनाये जाने की योजना हैं। तीर्थ नगरी अयोध्या में लगभग छह हजार मंदिर हैं और सामान्य दिनों में लगभग तीन लाख लोग यहां आते हैं। मकर संक्रांति, राम नवमी, जुलाई-अगस्त में सावन झूला मेला, चौदह कोसी परिक्रमा, अक्टूबर-नवंबर में पंच कोसी परिक्रमा और दिवाली जैसे त्योहारों पर श्रद्धालुओं की संख्या 10 लाख तक हो जाती है।

# वाईएसआरसीपी के वरिष्ठ नेता ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रस्ताव का समर्थन किया

**अमरावती (भाषा)।** वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के महासचिव वी विजयसाई रेड्डी ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रस्ताव की वकालत करते हुए शनिवार को कहा कि इसके कई सकारात्मक पहलू हैं और इससे हजारों करोड़ रुपये बचाने में मदद मिल सकती है। रेड्डी, आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ दल से राज्यसभा सदस्य भी हैं।

उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा राज्य विधानसभाओं और लोकसभा के चुनाव एक साथ कराने की व्यवहार्यता का अध्ययन करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में एक समिति गठित करने के मद्देनजर अपने विचार व्यक्त किए।

रेड्डी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स (पूर्व में ट्विटर)' पर पोस्ट कर कहा, 'एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा के कई सकारात्मक पहलू हैं, सबसे बड़ी बात यह है कि इससे हजारों करोड़ रुपये की बचत हो सकती है।' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह अवधारणा भारत के लिए नयी नहीं है।

# 'इंडिया' के राष्ट्रीय कार्यक्रम की शुरुआत दो अक्टूबर से

**पटना (वार्ता)।** बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के वरिष्ठ नेता नीतीश कुमार ने शनिवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस (आई. एन. डी. आई. ए.) के राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के जन्म दिवस 02 अक्टूबर से होगी। कुमार ने शनिवार को यहां बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. दरोगा प्रसाद राय की जयंती पर आयोजित राजकीय समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा की मुंबई में शुक्रवार को इंडिया गठबंधन की बहुत अच्छी बैठक हुई। यह तय हुआ है कि 02 अक्टूबर को बापू के जन्मदिवस के मौके पर पूरे देश में हमलोग कार्यक्रम करेंगे और एकजुट होकर आगे बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने विपक्षी गठबंधन के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे के संबंध में पूछे जाने पर कहा, हमलोग आपस में मिलकर चुनाव लड़ने को लेकर कल ही तय कर चुके हैं। सीटों के बंटवारे में कोई समस्या नहीं है। इस पर पूरी बात हो चुकी है। अब इंटरनली बहुत जल्द सब कुछ तय करके बता दिया जाएगा। हम लोग इसी महीने सब कुछ तय कर लेंगे।

**'वन नेशन वन इलेक्शन' को बताया 'बहुत अच्छा'**

कुमार ने 'वन नेशन वन इलेक्शन' के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लोकसभा और विधानसभा का चुनाव एक साथ करने से संबंधित खबरें मिल रही है, यह बहुत अच्छा है। पहले भी यह काम एक साथ होता था। उन्होंने कहा कि जब इस संबंध में केंद्र सरकार संसद में प्रस्ताव लाएगी, तब इस पर विस्तृत चर्चा होगी। उस समय एक-एक चीजों पर बात होगी।

# मुख्तार का गुरु भीम सिंह इटावा सेंट्रल जेल में कैद

■ **इटावा (वार्ता)।**

माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के गुरु और गुरु भाई को उत्तर प्रदेश की इटावा स्थित सेंट्रल जेल में कैद कर दिया गया है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक डॉ रामधनी ने शनिवार को बताया कि भीम सिंह और हरिहर सिंह को सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया है। उनको स्पेशल निगरानी में रखा गया है। उनसे मिलने के लिए सिर्फ परिवार के ही व्यक्तियों को अनुमति है। लोकल इन्फोर्मेशन यूनिट और जेल के अधिकारियों के समक्ष ही उनके परिवार की मुलाकात कैमरे की निगरानी में करवाए जाने के निर्देश है। जेल में दोनों ही कैदियों पर कड़ी निगरानी की जा रही है।

शासन के निर्देश पर माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के गुरु और गुरु भाई को 29 अगस्त की रात 10 बजे गाजीपुर से कड़ी सुरक्षा के बीच लाकर कैद कर दिया है। भीम सिंह और हरिहर सिंह नाम के दोनों सजायाफ्ता कैदी है। दोनों कैदियों की उम्र 60 और 65 साल के आसपास आकी और मानी जा रही है।

शिक्षा के क्षेत्र में
# नई राहें



## घर बैठे करें इस तरह गवर्नमेंट एग्जाम की तैयारी

समय-समय पर विभिन्न सरकारी पद पर पर निकलने वाली भर्तियों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है। लगभग सभी वैकेंसी के लिए प्रवेश परीक्षा पास करना जरूरी होता है. यूं तो हर पद और विभाग के मुताबिक प्रवेश परीक्षा का फॉरमेट, सिलेबस, प्रश्न सब अलग होते हैं लेकिन उनकी तैयारी के समय कुछ पॉइंट्स हैं जिनका ध्यान रखककर आप परीक्षा में सफलता पा सकते हैं। इसलिए अगर कोई कोचिंग ज्वॉइन नहीं की है और घर से ही तैयारी कर रहे हैं तो इन बातों का रखें विशेष ख्याल।

**पहला स्टेप**

किसी भी परीक्षा में सफलता हासिल करने के लिए जरूरी है सही स्टडी मैटीरियल का इंतजाम। एग्जाम का सिलेबस देखें और हर विषय के लिए सही किताबें, नोट्स आदि इकट्ठा कर लें। स्टडी मैटीरियल को लेकर कंफ्यूज न हों और सोच-समझकर किताबें चुनें और अंत कर उन्हीं से पढ़ें। ज्यादा किताबें मतलब ज्यादा कंफ्यूजन और नो तैयारी। इस मामले में इंटरनेट आपकी मदद कर सकता है। यहां से आप ई बुक से लेकर, प्रैक्टिस क्वेश्चंस और मॉक टेस्ट तक सब अरेंज कर सकते हैं। यहां तक कि टाइम टेबल कैसे बनाएं इसमें भी मदद पा सकते हैं।

**मॉक टेस्ट करते हैं मदद**

आप तैयार के लिए बहुत से वर्चुअल ग्रुप और क्लासेस फ्री में ज्वॉइन कर सकते हैं। इनसे तैयारी करें और सिलेबस, स्टडी मैटीरियल के बाद एग्जाम पैटर्न समझ लें। इससे तैयारी करने में मदद मिलेगी। कैसे सवाल आते हैं, किस तरह के सवाल ज्यादा आते हैं, ये देख लें। इसके बाद देखें कि आपको किस एरिया में ज्यादा दिक्कत है, किसमें आसानी से अंक हासिल हो सकते हैं। इसी के हिसाब से टाइम टेबल बनाएं।

**करेंट अफेयर्स जरूरी**

किसी भी परीक्षा की तैयारी बिना करेंट अफेयर्स के नहीं हो सकती। इसके लिए अपडेटेड रहें। कोई ग्रुप ज्वॉइन कर लें जहां रोज के रोज इस बारे में अपडेट आते रहें। नेशनल, इंटरनेशनल न्यूज, गवर्नमेंट पॉलिसीज, सोशियो इकोनॉमिक डेवलपमेंट आदि पर पैनी निगाह रखें। इनके नोट्स बनाते चलें जो अंत में बहुत काम आते हैं।

**टाइम मैनेजमेंट**

किसी भी परीक्षा में सफल होने के लिए टाइम मैनेजमेंट और राइटिंग प्रैक्टिस बहुत जरूरी है। जब तैयारी एक लेवल पर पहुंच जाए तो खूब मॉक टेस्ट दें। इससे पता चलेगा कि कहां कमी है। समय का ध्यान रखें और शुरू से ही समय के अंदर पेपर खत्म करने की कोशिश करें। रोज के रोज रिवीजन करें और पिछला पक्का होने के बाद ही आगे बढ़ें. लेकिन इसमें समय का विशेष ध्यान रखें। इन टिप्स का ध्यान रखकर आप परीक्षा की तैयारी में मदद पा सकते हैं।



## एयरफोर्स में भी इस तरह दे सकते हैं अपने भविष्य को नई उड़ान

12वीं के बाद पायलट बनने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि साइंस स्ट्रीम में 10+2 पूरा किया हो। हालांकि अब कई पायलट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट ऐसे हैं जो कॉमर्स के स्टूडेंट्स को भी एडमिशन देने लगे हैं। वहीं बात करें उम्र सीमा की तो भारत में पायलट बनने के इच्छुक छात्रों के लिए न्यूनतम आयु सीमा 17 साल होनी चाहिए। पायलट बनने के लिए आपको फिटनेस और मेडिकल सर्टिफिकेट भी देना होता है।

**पायलट 5 तरह के होते हैं।**

एयरलाइंस ट्रांसपोर्ट पायलट, प्राइवेट पायलट, स्पोर्ट्स पायलट, फ्लाइट इंस्ट्रक्टर, एयरफोर्स पायलट। हर पायलट की पढ़ाई के लिए इंस्टीट्यूट्स अलग-अलग हो सकते हैं। 12वीं के बाद पायलट बनने के लिए Commercial Pilot Training प्रोग्राम में दाखिला ले सकते हैं। इसके लिए एंट्रेंस एग्जाम पास करने होते हैं। इसके लिए प्रवेश परीक्षा के अलावा, इंटरव्यू राउंड और मेडिकल टेस्ट देना होता है। 12वीं के बाद 15 से 20 लाख रुपये खर्च करके आप विदेश जाकर भी पायलट की ट्रेनिंग ले सकते हैं।

**इंडियन एयरफोर्स**

इंडियन एयरफोर्स में पायलट बनने के लिए NDA परीक्षा पास करनी होगी। यह एक सुनहरा अवसर होता है जो 12वीं के बाद पायलट बनाने में मदद करता है। 3 साल का कोर्स पूरा करने के बाद आपको फ्लाइंग ट्रेनिंग में भी भाग लेना होगा। इसके बाद आप स्थायी कमीशन अधिकारी के रूप में काम करेंगे।

# रेडियो के क्षेत्र में रखें सुनहरे भविष्य की नींव

हमारे देश में बड़े से बड़े शहरों से लेकर दुर्गम स्थानों जैसे लेह, लद्दाख तक अगर किसी एक चीज की पहुंच है तो वो है रेडियो। हम सब इस शब्द से अच्छी तरीके से वाकिफ होंगे। आपने रेडियो पर विभिन्न प्रोग्राम्स सुने होंगे और उनको होस्ट करते हुए एंकर या जॉकी की आवाज भी सुनी होगी। उनकी आवाज में कुछ अलग होता है। अगर आपमें में भी बात करने की कला और अच्छी आवाज है रेडियो का क्षेत्र आपके लिए बहुत ही शानदार है। आप इस क्षेत्र में आसानी से अपने बेहतर करियर का निर्माण कर सकते हैं। अगर आप एंकर या रेडियो जॉकी नहीं बनना चाहते तब भी आप इस क्षेत्र में उपलब्ध कोर्सेज करके अन्य पद जैसे म्यूजिक मैनेजर, प्रोड्यूसर, प्रोग्राम डायरेक्टर, कंटेंट राइटर, साउंड इंजीनियर, न्यूज रीडर, रेडियो रिपोर्टर बनकर भी अपना सपना पूरा कर सकते हैं।



**कोर्सेज**

रेडियो में करियर बनाने के लिए आप 12वीं के बाद ही इसकी शुरुआत कर सकते हैं। इस क्षेत्र में ग्रेजुएशन और पोस्ट-ग्रेजुएशन डिग्री, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट सभी तरीके के कोर्स उपलब्ध हैं। इस क्षेत्र में मौजूद कुछ कोर्सेज निम्नलिखित हैं-

- बैचलर्स इन जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन
- मास्टर्स ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन
- डिप्लोमा इन रेडियो प्रोग्रामिंग एवं ब्रॉडकास्ट मैनेजमेंट
- डिप्लोमा इन रेडियो प्रोडक्शन एवं रेडियो जॉकी
- पोस्ट-ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रेडियो एन्ड ब्रॉडकास्ट मैनेजमेंट
- सर्टिफिकेट कोर्स इन रेडियो जॉकिंग
- डिप्लोमा इन मास कॉम्युनिकेशन
- पीजी डिप्लोमा इन मास कॉम्युनिकेशन

**रोजगार**

आज हर छोटे से बड़े शहर में रेडियो स्टेशन स्थापित हैं। बहुत से प्राइवेट रेडियो चैनल एवं एफएम चैनल अपने यहां इन लोगों को हायर कर करते हैं।

इसके अलावा सरकारी रेडियो चैनल्स के लिए भी समय-समय पर भर्तियां निकाली जाती हैं जहां आप अप्लाई कर सकते हैं। आप यहां रेडियो जॉकी के अलावा रेडियो प्रोग्राम के लिए स्टोरी राइटिंग, एड राइटिंग करने के साथ ही रेडियो प्रोडक्शन और ब्राडकास्टिंग आदि से भी जुड़ सकते हैं।



# अच्छी दोस्ती भी बदल सकती है पर्सनेलिटी

अच्छी और मजबूत दोस्ती न केवल आपकी इमोशनल हेल्थ के अच्छी होती है बल्कि ये आपके आत्मविश्वास को भी बढ़ा सकती है। अच्छीदोस्ती से आपको इमोशनल सपोर्ट, प्रोत्साहन और पॉजीटिव फीडबैक मिलती है,जो आपको खुद पर और अपनी क्षमताओं पर विश्वास करने में मदद कर सकती है। अच्छे दोस्त कैसे आपकी पर्सनेलिटी बदलने में मदद करते हैं। आइए जानते हैं कि कैसे एक पॉजीटिव फ्रेंडशिप कैसे आपका कॉन्फिडेंस बूस्ट करने में मदद करती है।



**इमोशनल सपोर्ट**

आपके मुश्किल समय में दोस्त आपके साथ हो सकते हैं। जब आपको इमोशनल सपोर्ट की सबसे ज्यादा जरूरत है, दोस्त ही आपकी बातों को सुनते हैं और मदद करते हैं। मुश्किल वक्त में अकेले होने की बजाय किसी का साथ आपको मेंटली सपोर्ट करता है, जिससे आपका कॉन्फिडेंस मजबूत होता है। जब आपको लगता है कि आपके पास ऐसे लोग हैं जो आपकी परवाह करते हैं और आपके लिए हैं, तो आपको खुद पर और ज्यादा विश्वास करते हैं।

**प्रोत्साहन मिलता है**

दोस्त आपके सबसे बड़े चीयरलीडर्स हो सकते हैं, जो आपको अपने सपनों को पूरा करने और नई चीजों को आजमाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। जब आपके पास ऐसे दोस्त होते हैं जो आप पर विश्वास करते हैं, तो यह आपको खुद पर भी विश्वास करने में मदद मिलती है। अच्छे दोस्त आपको रिस्क लेने के लिए आगे बढ़ाते हैं।

**पॉजीटिव फीडबैक**

दोस्तों से आपको पॉजीटिव फीडबैक मिलती है, जिससे आप और बेहतर करने के लिए आगे बढ़ते हैं। जब आपके दोस्त आपकी ताकत और उपलब्धियों को पहचानते हैं, तो इससे आपको भी सकारात्मर एहसास मिलता है। इससे आप उन क्षेत्रों में ज्यादा बेहतर तरीके काम करते हैं, जिनके बारे में एक्सपर्ट होते हैं।

**अनुभव साझा करना**

दोस्त आपके साथ अनुभव साझा करके आपको ज्यादा कॉन्फिडेंट फील करने में मदद कर सकते हैं।

# ये हैं टॉप हाईएस्ट सैलरी वाली गवर्नमेंट जॉब

भारत में ज्यादातर युवा सरकारी नौकरी का सपना देखते हैं। अगर आप भी सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं तो आपको देश के टॉप गवर्नमेंट जॉब्स के बारे में जान लेना चाहिए। यहां देश के टॉप 5 हाईएस्ट सैलरी वाली नौकरी के बारे में बताने जा रहे हैं।

**आईएएस** - भारत में सबसे ज्यादा सैलरी एक आईएएस ऑफिसर को मिलती है। इसमें सेलेक्ट होने वाले कैंडिडेट्स की शुरुआत में बेसिक सैलरी 56,100 रुपये होती है। साथ ही अन्य सरकारी भत्तों का लाभ भी मिलता है। इस पोस्ट पर मैक्सिमम सैलरी 2,50,000 रुपये तक होती है। यही वजह है कि यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा को देश की सबसे कठिन एग्जाम कहा जाता है।

IFS- भारतीय विदेश सेवा यानी IFS के लिए चुने गए कैंडिडेट्स की सैलरी भी आईएएस ऑफिसर जैसी ही होती है। इसमें भी शुरुआती बेसिक सैलरी 56,100 रुपये होती है। इसमें यात्रा, स्वास्थ्य, आवास समेत कई भत्ते मिलते हैं। यह जॉब इंटरनेशनल मामलों में देश को रिप्रजेंट करने के लिए होता है।

IPS- यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा के बाद सेलेक्ट होने वाले कैंडिडेट्स आईपीएस ऑफिसर के तौर पर सेलेक्ट होते हैं। एक आईपीएस ऑफिसर की बेसिक सैलरी 56,100 रुपये से शुरू होती है। इसमें 8 साल कै अनुभव होने पर 1 हर महीने 1,31,000 रुपये तक की सैलरी होती है।

RBI Grade B- रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया में ग्रेड बी की जॉब भी हाईएस्ट सैलरी वाली होती है। इसमें शुरुआती सैलरी 67000 रुपये होती है। साथ ही अन्य सरकारी भत्तों का लाभ भी मिलता है। इस पोस्ट पर सेलेक्ट होने वाले कैंडिडेट्स आगे जाकर देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी बन सकते हैं।

Judge- भारत में न्यायाधीश बनने के पास जितनी बड़ी जिम्मेदारी होती है, उनकी सैलरी भी उतनी ही शानदार होती है। हाईकोर्ट के जज को हर महीने 2,25,000 रुपये सैलरी मिलती है। वहीं, सुप्रीम कोर्ट के जज की सैलरी 2.50 लाख रुपये होती है। साथ ही अन्य सरकारी भत्तों का लाभ भी मिलता है।






## ये है दुनिया का सबसे बड़ा पुलिस विभाग

किसी भी जगह की शांति और चैन कायम रखने की जिम्मेदारी पुलिस की होती है। ये पुलिस का काम ही होता है कि संबंधित स्थानों पर आपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण रहे और कानून व्यवस्था बनी रहे। हालांकि कई बार ऐसे किस्से भी सामने आते हैं, जब लोगों पुलिस के खिलाफ अपनी नाराजगी जताते हैं। लोगों का कहना होता है कि पुलिस समय पर नहीं पहुंची। किसी भी आपराधिक मामले में पुलिस ने लापरवाही बरती। वहीं, कई जगहों पर Police डिपार्टमेंट की तारीफें भी होती रहती हैं। ऐसे में इन ऑफिसर के काम और शिकायतों का दौर चलता रहा है। इसके बीच में हम आपको बताने जा रहे हैं कि देश ही नहीं बल्कि दुनिया में सबसे बड़ा पुलिस विभाग कहां स्थित हैं। आइए जानते हैं।


**न्यूयॉर्क का पुलिस विभाग है दुनिया का सबसे बड़ा डिपार्टमेंट**

अमेरिका की न्यूयॉर्क पुलिस विभाग दुनिया का सबसे बड़ा पुलिस डिपार्टमेंट है। यहां 36000 ऑफिसर है और 19 हजार सिविलियन कर्मचारी हैं। यह विभाग 1845 में स्थापित किया गया था। इसके साथ ही, यह सबसे पुराने विभाग में भी शामिल है।

**ऐसे करते हैं काम**

न्यूयॉर्क पुलिस ने नेबरहुड पुलिसिंग पर भी खास जोर दिया है। इसके तहत पुलिस अधिकारी लोगों के बीच पहुंच उनसे कम्युनिकेट कर उनकी समस्याओं को सॉल्व करते हैं।

## GENERAL KNOWLEDGE



- भारत की सबसे लंबी नदी कौन सी है?
**उत्तर**-भारत की सबसे लंबी नदी गंगा है।
- कौन सी नदी अपनी सहायक नदी मेघना के साथ प्रसिद्ध सुंदरवन डेल्टा बनाती है?
**उत्तर**- गंगा अपनी सहायक नदी मेघना के साथ प्रसिद्ध सुंदरवन डेल्टा बनाती है।
- कौन सी नदी हिंदुओं द्वारा पवित्र मानी जाती है और यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है?
**उत्तर**-गंगा हिंदुओं द्वारा पवित्र मानी जाती है और यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल है।
- कौन सी नदी दक्षिण गंगा के नाम से जानी जाती है?
**उत्तर**- गोदावरी नदी दक्षिण गंगा के नाम से जानी जाती है।
- कौन सी नदी वृद्ध गंगा (बड़ी गंगा) के नाम से जानी जाती है?
**उत्तर**- गोदावरी नदी वृद्ध गंगा (बड़ी गंगा) के नाम से जानी जाती है।
- कौन सी नदी केरल राज्य की जीवन रेखा है?
**उत्तर**-पेरियार नदी केरल राज्य की जीवन रेखा है।
- किस नदी को राजस्थान की जीवन रेखा कहा जाता है?
**उत्तर**-चम्बल नदी राजस्थान की जीवन रेखा कहा जाता है।
- किस नदी को बिहार का शोक कहा जाता है?
**उत्तर**-कोसी नदी को बिहार का शोक कहा जाता है।
- भारत की नदियां में कौनसी है पुरुष नदी?
**उत्तर**-भारत की नदियां में ब्रह्मपुत्र पुरुष नदी है।
- भारत में ब्लू सिटी के नाम से किस शहर को जाना जाता है।
**उत्तर**-जोधपुर
- सूर्य एक क्या है।
**उत्तर**- तारा



## अपनी कला और संस्कृति के लिए विदेशों में मशहूर हैं ये राज्य

दुनिया भर में भारत ही है जो अपनी समृद्ध संस्कृति के लिए जाना जाता है। कितने की शासक आए और चले गए, लेकिन यहां की कला और संस्कृति की जड़ों को खत्म नहीं कर पाए। यहां हर राज्य और शहर की अपनी विशेषता है, जो पर्यटकों को अपनी तरफ खींचती है। देश के इन्हीं खूबसूरत राज्यों में शामिल है राजस्थान, जिसकी भव्यता, मजबूत किले और प्रकृति के रंग विदेशी पर्यटकों को खूब लुभाते हैं। आज हम आपको राजस्थान के एक ऐसे ही शहर के बारे में बता रहे हैं, जिसे कहा जाता है येलो सिटी ऑफ इंडिया. आइए जानते हैं इसकी खासियतें..। हम बात कर रहे हैं जैसलमेर शहर के बारे में, जो येलो सिटी के नाम से जाना जाता है.। वर्ल्ड फेमस टूरिस्ट स्पॉट थार रेगिस्तान के बीच बसे जैसलमेर के फोर्ट और रेगिस्तान पर्यटकों के बीच काफी फेमस है। यह सुनहरा शहर राजस्थानी लोकगीत और नृत्य के लिए भी काफी लोकप्रिय है।

**गोल्डन फोर्ट**

जैसलमेर में एक ऐसा फोर्ट है, जिसे सोनार किला के तौर पर जाना जाता है। राजपूत शासक राव जैसल द्वारा निर्मित यह किला दुनिया के सबसे बड़े किलों में से एक है। यहां लोग सिर्फ इसे देखने के लिए देश-दुनिया से आते हैं। जैसलमेर में पटवा हवेली, बड़ा बाग, लक्ष्मीनाथ मंदिर, जैन मंदिर, थार रेगिस्तान आदि और भी कई लोकप्रिय पर्यटन स्थल हैं।

**थार की सुनहरी रेत**

त्रिकुटा पहाड़ी पर निर्मित यह किला कई लड़ाइयों का गवाह रहा है। इस अनोखे किले की दीवारें तीन परतों से बनी हैं। इस किले में कभी राजघरानों का बसेरा हुआ करता था। रेगिस्तान के बीच होने के कारण इसे रेगिस्तान का दुर्ग भी कहते हैं। अपनी शानदार स्थापत्य कला, शिल्प और नक्काशी के कारण देश के सभी किलों में अपना अहम स्थान रखने वाले इस किले में चारों ओर 99 गढ़ बने हैं।

**इसलिए कहते हैं येलो सिटी**

रावल जैसल ने इस शहर की स्थापना 1156 ई में की थी, जिसका अर्थ है जैसल का पहाड़ी किला। यहां स्थित किले के निर्माण में पीले बलुआ पत्थर का इस्तेमाल किया गया है, जो इसे सुनहरे-पीले रंग से भर देता है। सुबह सूरज की किरणें पड़ते ही यह किला सोने की तरह चमकता है, इसलिए इसे सोनार किला या गोल्डन फोर्ट कहते हैं। इस किले की वजह से ही जैसलमेर को दुनियाभर में येलो सिटी के नाम से जाना जाता है।

# बारिश की भेंट चढ़ा भारत-पाक मुकाबला, दोनों टीमों को मिले एक-एक अंक, पाकिस्तान की सुपर-4 में इंट्री

## दूसरी पारी में बिना कोई गेंद फेंके मैच हुआ रद्द, अब 4 सितंबर को नेपाल से भिड़ेंगी टीम इंडिया



**पल्लेकेले,(एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार को खेला गया बहुप्रतीक्षित एशिया कप ग्रुप-ए मुकाबला बारिश में धुलने के बाद पाकिस्तान ने सुपर-चार चरण में प्रवेश कर लिया।

ग्रुप-बी मुकाबले में भारत टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 48.5 ओवर में 266 रन पर ढेर हो गया। भारत की पारी के खत्म होने के तुरंत बारिश ने दस्तक दी। जिसके बाद पाकिस्तान की पारी की एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकी। बादलों के लगातार बरसते रहने के कारण अंपायरों ने स्थानीय समयानुसार रात नौ बजकर 52 मिनट पर मैच रद्द करने का फैसला किया और दोनों टीमों ने एक-एक अंक बांटा। पहले मुकाबले में नेपाल को 238 रन से रौंदने वाला पाकिस्तान सुपर-चार चरण में पहुंच गया, जबकि भारत अब चार सितंबर को नेपाल से भिड़ेगा। इससे पहले भारतीय पारी के दौरान बारिश के कारण दो बार रुकावट आई, जिसके कारण भारत को नुकसान हुआ और पाकिस्तान विकेट लेने में कामयाब रहा। बारिश से पहले शाहीन अफरीदी (35/4) की अगुआई में पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों ने भारतीय बल्लेबाजी पर कहर बरपाया, जबकि भारत की ओर से हार्दिक पांड्या और ईशान किशन विपरीत परिस्थितियों में चमके। इन दोनों के अलावा भारत का कोई बल्लेबाज 20 रन का आंकड़ा नहीं छू सका।

### भारतीय शीर्षक्रम फेल

भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन बादलों से घिरे हुए पल्लेकेले स्टेडियम पर पाकिस्तानी गेंदबाजों ने शुरुआती स्विंग का भरपूर फायदा उठाया। बारिश के कारण चौथे ओवर में खेल रुका और मैदान पर वापसी के फौरन बाद शाहीन अफरीदी ने कप्तान रोहित शर्मा (11) को दर्शनीय इन-स्विंगर पर बोल्ड किया। विराट कोहली ने चौके के साथ खाता खोला लेकिन वह भी शाहीन की गेंद पर बोल्ड हो गए। श्रेयस अय्यर रऊफ की छोटी गेंद पर फखर जमान को कैच दे बैठे, जबकि खाता खोलने के लिए लंबा समय लेने वाले शुभमन गिल 32 गेंद पर 10 रन बनाकर बोल्ड हुए।

### शुभमन गिल ने खेली एशिया कप की सबसे धीमी पारी

शुभमन गिल ने एशिया कप वनडे इतिहास की सबसे धीमी पारी खेली। गिल ने पाकिस्तान के 32 गेंदों में मात्र 10 रन बनाए। इसी के साथ गिल ने की सहवाग के शर्मनाक रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। वीरेंद्र सहवाग ने एशिया कप 2010 में पाकिस्तान के खिलाफ 32 गेंदों पर 11 रन की पारी खेली थी। अब एशिया कप (वनडे) के इतिहास में शुभमन गिल, सहवाग के साथ सबसे स्लो पारी खेलने वाले भारतीय ओपनर बल्लेबाज बने।

### 66 रन पर चार विकेट गिरने के बाद इशान-हार्दिक ने संभाला

भारत के 66 रन पर ऊपरी क्रम के चार बल्लेबाजों के पवेलियन लौटने के बाद किशन ने पारी को संभाला। केएल राहुल के फिट न होने के कारण टीम में आए किशन आग उगलती पाकिस्तानी गेंदबाजी पर आक्रमण करने से बिल्कुल नहीं हिचकिचाए। उन्होंने हारिस रऊफ की एक छोटी गेंद पर डीप बैकवर्ड पॉइंट पर छक्का जड़कर रफ्तार पकड़ी और फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। किशन ने 54 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा करके भारत को 30वें ओवर में भारत को 150 रन के पार पहुंचाया। उप-कप्तान पांड्या के साथ हुई उनकी 138 रन की साझेदारी ने भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचा दिया। भारत आसानी से 300 रन की ओर बढ़ रहा था कि तभी तेज गेंदबाजों ने मैच में पाकिस्तान की वापसी करवाई। रऊफ ने किशन को शतक से 18 रन पहले आउट कर भारत की एकमात्र सफल साझेदारी तोड़ी। पांड्या ने रऊफ को तीन चौके जड़कर रफ्तार बढ़ानी चाही लेकिन अफरीदी ने उन्हें और रवींद्र जडेजा (14) को 44वें ओवर में आउट कर एक बार फिर पाकिस्तान का पलड़ा भारी कर दिया। शार्दुल ठाकुर नसीम शाह का पहला शिकार बनने से पहले सिर्फ तीन रन ही बना सके, हालांकि जसप्रीत बुमराह ने नसीम का शिकार होने से पहले 14 गेंद पर तीन चौकों की मदद से बहुमूल्य 16 रन रन बनाकर भारत को 266 रन तक पहुंचा दिया।

### पहली बार तेज गेंदबाजों ने लिए सभी 10 विकेट

पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों ने भारत के सभी 10 विकेट चटकाए। एशिया कप के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ जब तेज गेंदबाजों ने किसी टीम के सभी 10 बल्लेबाजों को आउट किया। पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी ने 10 ओवर में 35 रन देकर चार विकेट जबकि नसीम शाह (8.5 ओवर, 36 रन) और हारिस रऊफ (नौ ओवर, 58 रन) ने तीन-तीन विकेट चटकाए।

### विराट कोहली और रोहित शर्मा को बोल्ड करने वाले दुनिया के इकलौते गेंदबाज बने शाहीन

पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा और टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली को शाहीन अफीरीद ने अपना शिकार बनाया। शाहीन ने इस मैच में कोहली और रोहित शर्मा को आउट करके एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बना दिया। शाहीन अफीरीदी की गेंद पर इस मैच में विराट कोहली और रोहित शर्मा दोनों बोल्ड हुए और अब वनडे क्रिकेट में इन दोनों बल्लेबाजों को बोल्ड करने वाले दुनिया के इकलौते गेंदबाज शाहीन अफरीदी हैं। शाहीन अफीरीद ने रोहित शर्मा को 11 रन पर क्लीन बोल्ड किया था जिन्होंने 22 गेंदों का सामना किया था तो वहीं विराट कोहली भी उनकी एक बाहर जाती गेंद को छेड़ते हुए कॉट एंड बोल्ड हो गए। विराट कोहली ने इस मैच में सिर्फ 4 रन बनाए थे।

### आठवीं बार एशिया कप खेलने उतरे रोहित शर्मा, ऐसा करने वाले पहले भारतीय बने



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा सर्वाधिक एशिया कप टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ मैच में उतरते यह कीर्तिमान अपने नाम किया। रोहित शर्मा आठवीं बार एशिया कप टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं। रोहित के बाद इस सूची में जडेजा (7) दूसरे पायदान पर है। विराट कोहली मर्तबा टूर्नामेंट में खेल रहे है। वहीं, सचिन तेंदुलकर भी 6 बार इस टूर्नामेंट में खेल चुके हैं। पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी और मोहम्मद अजहरुद्दीन पांच-पांच मर्तबा टूर्नामेंट में हिस्सा लिया हैं।



कुछ इस तरह से शाहीन ने मनाया कोहली के विराट विकेट का जश्न।



### हार्दिक-इशान की जोड़ी ने तोड़ा द्रविड़- युवराज का रिकॉर्ड

भारतीय क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और इशान किशन की जोड़ी ने पाकिस्तान के खिलाफ 138 रन की साझेदारी की, जो एशिया कप इतिहास में पांचवें विकेट के लिए भारत की सबसे बड़ी पार्टनरशिप साबित हुई। इससे पहले एशिया कप में पांचवें विकेट के लिए भारत की तरफ से सबसे बड़ी साझेदारी करने का रिकॉर्ड राहुल द्रविड़ और युवराज सिंह के नाम पर दर्ज था। जिन्होंने 2004 में श्रीलंका के खिलाफ पांचवें विकेट के लिए 133 रन जोड़ें थे।

### एशिया कप में पांचवें विकेट के लिए भारत की सबसे बड़ी साझेदारी

| | | |
|---|---|---|
| 138 रन | इशान किशन-हार्दिक पांड्या V/s पाकिस्तान | 2023 |
| 133 रन | राहुल द्रविड़ और युवराज सिंह V/s श्रीलंका | 2004 |
| 112 रन | एमएस धोनी और रोहित शर्मा V/s पाकिस्तान | 2008 |

### इशान किशन ने लगाई रिकॉर्ड की झड़ी

- भारतीय बल्लेबाज इशान किशन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने करियर के 1500 रन पूरे किए।
- इशान किशन ने वनडे में लगातार चौथा अर्धशतक लगाकर पूर्व भारतीय विकेटकीपर एमएस धोनी की बराबरी की। एमएस धोनी भारत की तरफ से बतौर विकेटकीपर-बल्लेबाज लगातार वनडे में चार अर्धशतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी थे। अब इशान किशन ने उनकी बराबरी कर ली है। धोनी ने यह कारनामा साल 2011 में किया था।
- इशान किशन 82 रन बनाकर खेलकर एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ सबसे बड़ी पारी खेलने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड एमएस धोनी के नाम पर दर्ज था जिन्होंने पाक खिलाफ एशिया कप में 2008 में 76 रन की पारी खेली थी।

#### लगातार चौथा अर्धशतक ठोका इशान किशन ने

| टीम | रन | गेंद |
|---|---|---|
| विंडीज | 52 | 46 |
| विंडीज | 55 | 55 |
| विंडीज | 77 | 66 |
| पाक | 82 | 81 |

#### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा बो. शाहीन | 11 | 22 | 2/0 |
| शुभमन गिल बो. रउफ | 10 | 32 | 1/0 |
| विराट कोहली बो. शाहीन | 04 | 07 | 1/0 |
| श्रेयस अय्यर कै. जमान बो. रउफ | 14 | 09 | 2/0 |
| इशान किशन कै. आजम बो. रउफ | 82 | 81 | 9/2 |
| हार्दिक पंड्या कै. सलमान बो. शाहीन | 87 | 90 | 7/1 |
| रवींद्र जाडेजा कै. रिजवान बो. शाहीन | 14 | 22 | 1/0 |
| शार्दुल ठाकुर कै. शादाब बो. नसीम | 03 | 03 | 0/0 |
| कुलदीप कै. रिजवान बो. नसीम | 04 | 13 | 0/0 |
| बुमराह कै. सलमान बो. नसीम | 16 | 14 | 3/0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** 20, **कुल:** 48.5 ओवर में 266 रन पर ऑल आउट, **विकेट पतन:** 1-15 , 2-27 , 3-48, 4-66, 5-204, 6-239, 7-242, 8-242, 9-261, 10-266 **गेंदबाजी:** शाहीन शाह अफरीदी 10-2-35-4, नसीम शाह 8.5-0-36-3, हारिस रउफ 9-0-58- 3, शादाब खान 9-0-57-0, मोहम्मद नवाज 8-0-55-0, आगा सलमान 4-0-21-0.

# भारतीय टीम ने जीता 5 एस एशिया कप का खिताब

## पुरुष हॉकी: फाइनल में पाकिस्तान को पेनल्टी शूटआउट में 2-0 से दी शिकस्त



**सलालाह,(एजेंसी)।** भारतीय टीम ने शनिवार को ओमान के सलालाह में पुरुष 5एस हॉकी एशिया कप 2023 का खिताब जीता। भारत ने फाइनल में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को पेनल्टी शूटआउट में 2-0 से हराया।

हाफ टाइम तक पाकिस्तान 3-2 से आगे था लेकिन उसके भारतीय टीम ने दमदार वापसी की और फुल टाइम तक स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। शूटआउट में भारत के लिए मनिंदर सिंह और गुरजोत सिंह ने गोल किए। वहीं, गोलकीपर सूरज करकेरा ने पाकिस्तान के अरशद लियाकत और मुहम्मद मुर्तजा को गोल नहीं दागने दिया। भारत के लिए मोहम्मद राहील (19वां और 26वां), जुगराज सिंह (सातवां) और मनिंदर सिंह (10वां मिनट) ने निर्धारित समय में गोल दागे। पाकिस्तान के लिए निर्धारित समय में अब्दुल रहमान (पांचवां), कप्तान अब्दुल राणा (13वां), जिकरिया हयात (14वां) और अरशद लियाकत (19वां) ने गोल दागे। भारत ने इसी के साथ ही एफआईएच पुरूष हॉकी 5 विश्व कप 2024 के लिए भी क्वॉलीफाई कर लिया हैं।

# प्रदेश के आर्यन स्विमिंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में शामिल



**भोपाल,(खेसं)।** मध्यप्रदेश के उदीयमान तैराक 18 वर्षीय आर्यन एस गणेश वर्ल्ड ऐक्वेटिक्स जूनियर स्विमिंग चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चयनित हुए। यह प्रतियोगिता 4-9 सितंबर तक इजराइल के नेत्नाहू में खेली जाएगी। भोपाल तैराकी संघ के सचिव रामकुमार खिलरानी ने बताया की इस टीम में आर्यन के अलावा देवांश परमार, लक्ष्य शिवानन्द और मानवी वर्मा शामिल हैं। इस जूनियर भारतीय टीम के कोच मध्यप्रदेश के ही रहने वाले यूर्वेश दुबे हैं एवं टीम के प्रबंधक मोनल चौकसी हैं।

# श्रीलंका से शिकस्त के बाद अफगानिस्तान के खिलाफ बांग्लादेश की नजरें जीत दर्ज करने पर

एशिया कप एकदिवसीय टूनार्मेंट के अपने पहले मुकाबले में लचर बल्लेबाजी के कारण शिकस्त का सामना करने वाली बांग्लादेश की टीम जब अफगानिस्तान के खिलाफ रविवार को लीग चरण के अपने दूसरे मैच के लिए अफगानिस्तान के खिलाफ यहां मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत दर्ज कर सुपर फोर चरण की दौड़ में बने रहने की होगी। इस मैच में हार से बांग्लादेश पर टूनार्मेंट से बाहर होने का खतरा रहेगा। श्रीलंका के खिलाफ टीम पालेकल के मैदान पर महज 164 रन पर आउट हो गयी। नजमुल हसन शंटो (122 गेंद में 89 रन) के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज योगदान देने में विफल रहा। कप्तान शाकिब अल हसन से टीम को बल्ले से योगदान की उम्मीदें थी लेकिन वह टीम के खिलाड़ियों को प्रेरित करने में नाकाम रहे। अफगानिस्तान के खिलाफ उन्हें हालांकि मध्यक्रम में अपनी भूमिका को अच्छे से निभानी होगी। इस विभाग में वह अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम से जिम्मेदारी साझा करने की उम्मीद करेंगे। युवा सलामी बल्लेबाजों मोहम्मद नईम और तंजीद हसन को टीम को बेहतर शुरूआत दिलानी होगी। गेंदबाजी की बात करें तो पिछले मैच में तस्कीन अहमद प्रभावशाली लगे थे लेकिन शरीफुल इस्लाम की गेंदों में पैनापन की कमी दिखी थी। शाकिब ने हालांकि गेंदबाजी में प्रभावित करते हुए अपने 10 ओवर में 29 रन देकर दो विकेट लिये थे। वह इस लय को अफगानिस्तान के खिलाफ जारी रखना चाहेंगे। बल्लेबाजों ने स्कोरबोर्ड पर बड़ा स्कोर खड़ा नहीं किया जिससे मुस्तफिजुर रहमान, मेहदी हसन मेराज और मेहदी हसन जैसे गेंदबाजों के पास श्रीलंका के बल्लेबाजों पर दबाव बनाने का मौका नहीं था। अफगानिस्तान की टीम का यह टूनार्मेंट में पहला मैच है। टीम को इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में 0-3 से शिकस्त मिली थी। टीम का हौसला हालांकि इस बात से बढ़ा होगा कि उन्होंने इस साल जून-जुलाई में बांग्लादेश को 2-1 से हराया था। बांग्लादेश ने एकदिवसीय श्रृंखला में हार का बदला टी20 श्रृंखला में अफगानिस्तान को 0-2 से हराकर लिया था। रहमानुल्लाह गुरबाज पिछले कुछ समय से वनडे क्रिकेट में शानदार लय में हैं। उन्होंने हाल ही में खेली गई एकदिवसीय श्रृंखला में पाकिस्तान और बांग्लादेश दोनों के खिलाफ शतक लगाए है। इसके अलावा ऑफ स्पिनर मुजीब उर रहमान अफगानिस्तान के लिए लगातार विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं। वह इस मैच में टीम के लिए घातक हथियार साबित हो सकते हैं। हाल ही में कप्तानी गंवाने के बाद अफगानिस्तान के स्टार लेग स्पिनर राशिद खान भी एशिया कप में खुद को साबित करने के लिए उत्सुक होंगे। वह गेंद के साथ बल्लेबाजी के निचले क्रम में तेजी से रन बनाने की कुव्वत रखते है। अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी भी बांग्लादेश के खिलाफ इस मैच में अपनी बल्लेबाजी को साबित करना चाहेंगे।

# जियामेन डायमंड लीग में पांचवें स्थान पर रहे साबले

## यूजीन में होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई




**जियामेन, (एजेंसी)।** भारतीय एथलीट अविनाश साबले ने शनिवार को जियामेन डायमंड लीग चरण की पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपचलेस स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहकर 16 सितंबर को अमेरिका के यूजीन में होने वाले ग्रांड फाइनल के लिए क्वॉलीफाई किया। उन्होंने आठ मिनट 16.27 सेकेंड का समय निकाला लेकिन यह उनके सत्र के सर्वश्रेष्ठ 8:11.63 और राष्ट्रीय रिकॉर्ड 8:11.20 के समय से काफी कम रहा।

ओलंपिक और विश्व चैम्पियन मोरक्को के सोफियाने एल बक्काली ने आठ मिनट 10.31 सेकेंड के समय से रेस जीती। इथियोपिया के सैमुअल फिरेवु (8:11.29) दूसरे और कीनिया के अमोस सेरेम (8:14.41) तीसरे स्थान पर रहे। साबले ने रेस से चार अंक जुटाये जिससे इस सत्र की चार लीग से उनके कुल 11 अंक हो गए।वह पहली बार डायमंड लीग के फाइनल में हिस्सा लेंगे। विश्व चैम्पियन भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा और लंबी कूद के एथलीट मुरली श्रीशंकर पहले ही डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं।

यूएस ओपन — अपने करियर में पांच सेट तक चले मैचों में 38वीं बार दर्ज की जीत

# जोकोविच प्री-क्वार्टरफाइनल में पहुंचे



**न्यूयॉर्क, (एजेंसी)।** सर्बिया केनोवाक जोकोविच ने अमेरिकी ओपन के तीसरे दौर में शनिवार को पिछड़कर वापसी करते हुए अपने हमवतन लासलो जेरे को तीन घंटे 45 मिनट तक चले पांच सेट के मुकाबले में 4-6, 4-6, 6-1, 6-1, 6-3 से हराया।

यह जोकोविच के करियर में आठवां अवसर है जब उन्होंने पहले दो सेट गंवाने के बाद मैच जीता। अपने करियर में पांच सेट तक चले मैचों में उन्होंने 38 बार जीत दर्ज की है जबकि 11 बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। अगले दौर में जोकोविच का सामना क्रोएशिया के क्वालीफायर बोर्ना गोजो से होगा। पुरुष वर्ग के अन्य मैचों में नौवीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज और 10वीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस टियाफो भी चौथे दौर में पहुंच गए हैं। फ्रिट्ज ने चेक गणराज्य के क्वालीफायर जैकब मेन्सिच 6-1, 6-2, 6-0 से जबकि टियाफो ने फ्रांस के 22वें वरीय एड्रियन मन्नारिनो को 4-6, 6-2, 6-3, 7-6 (6) से पराजित किया।

### महिला एकल वर्ग में कोको गॉफ जीतीं रायबाकिना हुई उलटफेर का शिकार



महिला एकल वर्ग में अमेरिका की कोको गॉफ ने चौथे दौर में अपनी जगह पक्की की। वहीं चौथी वरीयता प्राप्त और 2022 की विंबलडन चैंपियन एलिना रायबाकिना उलटफेर का शिकार होकर टूर्नामेंट से बाहर हो गई। छठी वरीयता प्राप्त गॉफ ने आखिरी 10 गेम जीतकर 32वीं वरीय एलिस मर्टन्स को 3-6 6-3 6-0 से हराया। इस बीच चौथी वरीयता प्राप्त रायबाकिना को तीसरे दौर में 30वीं वरीयता प्राप्त सोरेना क्रिस्टिया ने तीन सेट तक चले मैच में 6-3, 6-7 (6), 6-4 से पराजित किया। गत चैंपियन चैंपियन इगा स्वियातेक ने काजा जुवान को 49 मिनट में 6-0, 6-1 से हराया।

### बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी तीसरे दौर में

भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी ने कजाखस्तान के आंद्रेइ गोलुबेव- रूस के रोमन सफीयूलिन की जोड़ी को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से हराकर पुरूष युगल के तीसरे दौर में प्रवेश किया। अगले दौर में अब उनका सामना ब्रिटेन की गैर वरीय हेनरी पाटेन और जूलियन कैश की जोड़ी से होगा।

## मोदी छह-सात सितंबर को इंडोनिशिया की यात्रा पर

**नई दिल्ली,(एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 06-07 सितंबर को दो दिवसीय इंडोनेशिया की यात्रा पर जाएंगे। आसियान के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो के निमंत्रण पर श्री मोदी जकार्ता जा रहे हैं और वह 20वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। वर्ष 2022 में भारत-आसियान संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझीदारी में बदलने के बाद यह पहला आसियान-भारत शिखर सम्मेलन होगा। शिखर सम्मेलन भारत-आसियान संबंधों की प्रगति की समीक्षा करेगा और सहयोग की भविष्य की दिशा तय करेगा। पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन आसियान देशों के नेताओं और भारत सहित इसके आठ संवाद भागीदारों को क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान करेगा।

## ब्रिटेन के अरबपति मो. अल फायद का निधन

**लंदन, (एजेंसी)।** ब्रिटेन के प्रसिद्ध उद्योगपति मोहम्मद अल फायद को निधन हो गया है। वह 94 वर्ष के थे। फायद का जन्म मिस्र में हुआ था बाद में वह 1970 में ब्रिटेन में आकर बस गये और यहां अपना साम्राज्य खड़ा किया। ब्रिटिश शाही परिवार की बहू लेडी डायना के साथ उनके बेटे डोडी के एक कार दुर्घटना में मौत के बाद वह काफी सुर्खियों में रहे थे। इन्होंने ब्रिटिश शाही परिवार पर साजिश के तहत डायना और डोडी की हत्या कराये जाने का आरोप लगाया। इतना ही नहीं इस दुर्घटना के बाद वह लगातार इस मामले में सवाल उठाते रहे। इस दौरान उद्योगपति फयाद दुनिया की चकाचौंध से काफी दूर रहे।

## कश्मीर में ठगी के आरोप में महिला गिरफ्तार

**श्रीनगर, (एजेंसी)।** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में शनिवार को कथित तौर पर पुलिस अधिकारी के रूप में ठगी करने के आरोप में एक महिला को गिरफ्तार किया गया। कुंजेर थाने में एक स्थानीय व्यक्ति वासिफ हसन ने शुक्रवार को शिकायत दर्ज करवाई, जिसके बाद महिला को गिरफ्तार किया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि बस यात्रा के दौरान एक महिला ने उससे संपर्क किया, जिसने खुद को आशिया बताया और खुद को वर्तमान में कुंजर थाने में तैनात एक उप-निरीक्षक के रूप में पेश किया। उसने उसे नौकरी देने का वादा किया।

## उ. कोरिया ने पीले सागर की ओर दागीं मिसाइलें

सोल, (एजेंसी)। दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा है कि उत्तर कोरिया ने शनिवार को पीले सागर की ओर कई क्रूज मिसाइलें दागीं। योनहाप न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक द. कोरिया की सेना के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ ने घोषणा की कि उ. कोरिया ने शनिवार तड़के करीब चार बजे मिसाइलें दागीं, लेकिन विश्लेषण लंबित होने के कारण उन्होंने इसके बारे में अधिक जानकारी नहीं दी। जेसीएस ने संवाददाताओं को भेजे एक टेक्स्ट संदेश में कहा कि निगरानी और सतर्कता को मजबूत करते हुए हमारी सेना अमेरिका के साथ निकट सहयोग से पूर्ण तत्परता बना रखी है।

## ओणम पर 759 करोड़ की शराब डकार गए केरलवासी


**तिरुवनंतपुरम, (एजेंसी)।** केरल के लोग ओणम त्योहार का आनंद ले रहे हैं। इस दौरान शराब की बिक्री को लेकर चौंकाने वाला खुलसा हुआ है। शनिवार को खत्म हो रहे ओणम उत्सव तक 759 करोड़ रुपये की शराब की बिक्री हुई है। यह आंकड़ा अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा माना जा रहा है। पिछले साल यह आंकड़ा 700 करोड़ रुपये था। अगस्त में शराब की कुल बिक्री 1,799 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है जो पिछले साल इसी महीने में 1,522 करोड़ रुपये थी। नई रिकॉर्ड बिक्री के साथ राज्य सरकार 675 करोड़ रुपये का फायदा हासिल हुआ है।

## आज का इतिहास

- 1650: इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच डनबर की लड़ाई।
- 1791: फ्रांस की नेशनल एसेंबली ने फ्रांसीसी संविधान को पारित किया।
- 1783: अमेरिका और ब्रिटेन के बीच पेरिस की संधि के साथ युद्ध समाप्त।
- 1833: अमेरिका में पहली सफल समाचार पत्र 'न्यूयार्क सन' बेंजामिन एच डे के द्वारा शुरू किया गया।
- 1900: रूसी सेना ने आमूर नदी पर नियंत्रण स्थापित किया।
- 1918: प्राचीन इस्लामी नगर दमिश्क पर ब्रिटेन की सेना का अधिकार हो गया।
- 1921: बेल्जियम में कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना हुई।
- 1923: तबला वादक पंडित किशन महाराज का जन्म हुआ था।
- 1924: चीन में गृह युद्ध की शुरुआत।
- 1939: जर्मनी के पोलैंड पर चढ़ाई करने के दो दिन बाद ब्रिटेन-फ्रांस ने उसके खिलाफ जंग का ऐलान किया।

# आदित्य एल-1 व चंद्रयान-3 के बाद इसरो का अगला मिशन गगनयान

**विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा- गगनयान का पहला ट्रायल अक्टूबर में होगा**



**चेन्नई।** भारत के पहले सूर्य मिशन, आदित्य-एल-1 के सफल प्रक्षेपण के बाद, केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि अगला कदम गगनयान के पहले परीक्षण उड़ान को शुरू करना होगा। उन्होंने कहा कि यह उड़ान अक्टूबर के महीने में हो सकती है। जितेंद्र सिंह ने कहा कि आदित्य एल-1 के सफल प्रक्षेपण से पता चलता है कि भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी बन रहा है। जितेंद्र सिंह ने कहा कि यह मिशन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश के प्रयासों का परिणाम है। आज भारत हरेक मिशन को सफलतापूर्वक अंजाम दे रहा है।

**गगनयान को लेकर जितेंद्र सिंह ने कही ये अहम बात:** केंद्रीय मंत्री ने कहा कि गगनयान के पहले परीक्षण उड़ान में कोई भी अंतरिक्ष यात्री शामिल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि इस उड़ान का उद्देश्य यह सुनिश्वित करना है कि अंतरिक्ष यान सुरक्षित रूप से उड़ सके और सभी प्रणालियाँ ठीक से काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि गगनयान के पहले मानवयुक्त मिशन के लिए तैयारी जोरों पर है। उन्होंने कहा कि इस मिशन में भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में उतरेंगे और कुछ वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि गगनयान के सफल होने से भारत को अंतरिक्ष में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह मिशन भारत को अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में भी मदद करेगा।

### यह है गगनयान अभियान:

गगनयान मिशन भारत का पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन है। यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा विकसित किया जा रहा है। इस मिशन के तहत, तीन भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। वे तीन दिनों के लिए अंतरिक्ष में रहेंगे और कुछ वैज्ञानिक प्रयोग करेंगे।

### अंतरिक्ष यात्रियों का प्रशिक्षण जारी:

गगनयान मिशन के लिए तैयारी जोरों पर है। इसरो ने इस मिशन के लिए तीन अंतरिक्ष यात्रियों का चयन कर लिया है। इन अंतरिक्ष यात्रियों का प्रशिक्षण चल रहा है। गगनयान मिशन के पहले मानव रहित परीक्षण उड़ान का लक्ष्य 2023 के अंत में रखा गया है। पहले मानवयुक्त मिशन का लक्ष्य 2024 के अंत में रखा गया है। अब इसरो की धाक दुनिया के अंतरिक्ष बाजार में जम गई है, अब दुनिया केअधिकांश देश भारत वर्ष को विश्व गुरु मानेंगे।

# सोनिया को राहुल, लालू को तेजस्वी, ममता को भतीजे और अखिलेश को डिंपल की चिंता

## भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विपक्ष को घेरा, इन दलों को देश की चिंता नहीं

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मुंबई में हुई विपक्षी दलों की बैठक पर निशाना साधते हुए कहा कि इन दलों को दिल्ली और देश की चिंता नहीं है, बल्कि अपने-अपने परिवार की चिंता है और अपने-आपको बचाने की फिक्र है।

जेपी नड्डा ने शनिवार (2 सितंबर) को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से बीजेपी के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम 'मेरी माटी, मेरा देश' का शुभारंभ किया। उन्होंने वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि एक ओर पीएम मोदी देश को आगे ले जा रहे हैं तो वहीं मुंबई में इकट्ठा होने वाले लोग वे हैं जो परिवार को आगे ले जाना चाहते हैं।

नड्डा ने कहा कि सोनिया गांधी को राहुल गांधी की चिंता है, लालू को तेजस्वी की चिंता है, अखिलेश को डिंपल की चिंता है, उद्धव ठाकरे को महाराष्ट्र की नहीं, आदित्य ठाकरे की चिंता है, ममता बनर्जी को बंगाल की नहीं, भतीजे की चिंता है, परिवारवाद के कारण ही शरद पवार की पार्टी टूटी है। उन्होंने आगे कहा कि मां-बेटे जमानत पर है, लालू यादव को सजा मिली हुई है, मनीष सिसोदिया जेल में है।

नड्डा ने तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि कर्नाटक में हाल ही में सरकार बनाने वाली कांग्रेस मुस्लिम कोटा दे रही है। इसलिए इन लोगों को घर पर बैठाकर नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है।

### चंद्रयान-3 और आदित्य एल -1 का किया नड्डा ने जिक्र

बीजेपी अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और घर-घर जाकर देश के 140 करोड़ लोगों को अमृत काल में (2047 तक) भारत को विकसित देश बनाने के संकल्प से जोड़ने का आह्वान किया। नड्डा ने मोदी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 पहुंचा और यह उपलब्धि हासिल करने वाला भारत दुनिया का पहला देश बन गया है। आज भारत ने सूर्य का अध्ययन करने के लिए आदित्य एल-1 लॉन्च किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करने से पहले नड्डा ने गाजियाबाद में शहीद मेजर मोहित शर्मा के घर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात कर अमृत वाटिका में पौधारोपण भी किया।

### हर गांव में अमृत वाटिका बनाएंगे सांसद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीजेपी ने ऱाष्ट्रव्यापी अभियान 'मेरी माटी, मेरा देश' को लॉन्च किया है, जो 15 सितंबर तक चलेगा। जनजागरण के इस कार्यक्रम के तहत हर घर से मिट्टी इकट्ठी की जाएगी। सांसद अपने क्षेत्र के हर गांव में जाकर अमृत वाटिका बनाएंगे, वहां से मिट्टी दिल्ली लाई जाएगी और इस मिट्टी से दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ पर अमृत वाटिका बनाई जाएगी।

# IIT दिल्ली में बीटेक स्टूडेंट ने आत्महत्या की

**नई दिल्ली ■**

दिल्ली के ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) में 21 साल के बीटेक स्टूडेंट ने आत्महत्या कर ली। शुक्रवार, 1 सितंबर की शाम को स्टूडेंट का शव हॉस्टल के कमरे में फंदे से लटका मिला।न्यूज एजेंसी के मुताबिक, स्टूडेंट की पहचान अनिल कुमार (21) के रूप में की गई है। वह आईआईटी दिल्ली में मैथमेटिक्स और कंप्यूटिंग साइंस के 2019-2023 बैच का स्टूडेंट था।

अनिल आईआईटी दिल्ली के विंध्यांचल हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहा था। जून में अनिल का कोर्स खत्म हो गया था। हालांकि, कुछ सब्जेक्ट्स में पास न होने के कारण उसे छह महीने के एक्सटेंशन पर रखा गया था।


**पुलिस बोली-एकेडमिक स्ट्रेस में उठाया कदम, दो महीने में दूसरी घटना**

एग्जाम क्लियर नहीं होने से स्टूडेंट तनाव में था: पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे की है। उन्हें फोन पर घटना की सूचना मिली। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो स्टूडेंट का कमरा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़कर पुलिस अंदर दाखिल हुई और स्टूडेंट को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक, स्टूडेंट के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। माना जा रहा है कि एग्जाम क्लियर न होने की वजह से स्टूडेंट तनाव में था। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पिछले दो महीने के दौरान आईआईटी दिल्ली में बीटेक के स्टूडेंट के आत्महत्या की यह दूसरी घटना है। इससे पहले 8 जुलाई को आईआईटी दिल्ली के उदयगिरि हॉस्टल में बीटेक फोर्थ ईयर के स्टूडेंट आयुष (20) ने अपने कमरे में फंदे से लटककर सुसाइड कर लिया था। देश में पिछले 5 सालों के दौरान हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट्स में सुसाइड के 98 मामलों में 39 आईआईटी के हैं। पिछले पांच साल में देशभर के 23 आईआईटी में 39 स्टूडेंट्स ने आत्महत्या की।

## जी-20 समिट मंगाई गईं लेफ्ट हैंड ड्राइव कारें

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** दिल्ली में 9-10 सितंबर को होने वाली जी-20 समिट के लिए केंद्र सरकार ने लेफ्ट हैंड ड्राइव कारें मंगाई हैं। ये गाड़ियां बुलेट-प्रूफ होंगी और इनका इस्तेमाल विदेशी मेहमानों को लाने-ले जाने के लिए किया जाएगा। सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) के 450 जवानों को इन कारों को चलाने की ट्रेनिंग दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्र सरकार ने 41 विदेशी मेहमानों के लिए 60 से ज्यादा लेफ्ट हैंड ड्राइव कारें खरीदी या किराए पर ली हैं। इनमें ऑडी, मर्सिडीज और बीएमडब्लू जैसी लग्जरी गाड़ियां शामिल हैं। भारत में राइट हैंड ड्राइव गाड़ियां चलाने का प्रोटोकॉल है। इनमें स्टीयरिंग गाड़ी के राइट साइड में होता है। अमेरिका समेत कई देशों में लेफ्ट हैंड ड्राइव गाड़ियां चलाई जाती हैं। इनमें स्टीयरिंग गाड़ी के लेफ्ट साइड में होता है।

# अयोध्या में रामलला के दर्शन का अभियान चलाएगा ट्रस्ट



**अयोध्या।** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। राममंदिर का करीब 70 फीसदी काम पूरा हो चुका है। अब श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट रामलला के दर्शन का अभियान चलाने की योजना बना रहा है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश के सभी राज्यों के रामभक्तों को अलग-अलग तिथियों पर अयोध्या आमंत्रित किया जाएगा। यहां आने पर उन्हें रामलला का दर्शन कराने के साथ प्रसाद भी भेंट किया जाएगा। यह अभियान मकर संक्रांति के बाद शुरू होगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट, वीएचपी व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ संयुक्त रूप से देशभर में रामलला दर्शन अभियान चलाए जाने की योजना तैयार कर रहे हैं।

## त्रिपुरा उपचुनाव में भाजपा को फायदा

**अगरतला,(एजेंसी)।** त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मणिक साहा ने कहा कि राज्य के मुख्य विपक्षी दल टिपरा मोथा के उपचुनाव में हिस्सा नहीं लेने के फैसले से भाजपा को लाभ होगा। हालांकि, माकपा ने दावा किया कि यह कदम बीजेपी विरोधी वोटों को संघटित करेगा। बीजेपी शासित त्रिपुरा में मुख्य विपक्षी दल टिपरा मोथा ने शुक्रवार 01 अगस्त को कहा था कि वह सिपाहीजाला जिले की धनपुर और बोक्सानगर सीटों पर पांच सितंबर को होने वाले उपचुनाव में किसी भी पार्टी का समर्थन नहीं करेगा। बीजेपी दोनों सीटें जीतेगी: सीएम शाहा ने एजेंसी से कहा कि टिपरा मोथा का निर्णय अहम है, क्योंकि वह बीजेपी विरोधी मतों को संघटित करने के विपक्षी दलों के प्रयासों में शामिल नहीं हुआ। हमारी पार्टी को इस फैसले से यकीनन फायदा होगा।

# राजस्थान मिशन-2030 में पूर्व सैनिक देंगे अपने सुझाव

**जयपुर, (ब्यूरो)।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में विजन दस्तावेज-2030 तैयार करने के लिए आगामी चार सितम्बर को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में बैठक का आयोजन होगा। सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर विरेन्द्र सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में आमंत्रित पूर्व सैनिक विकसित राजस्थान के लिए विजन दस्तावेज-2030 के लिए अपने सुझाव देंगे।

**सैनिक कल्याण विभाग**

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल रघुराज सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देशानुसार राज्य सरकार प्रदेश के चहुंमुखी विकास एवं प्रदेश वासियों की खुशहाली एवं उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने तथा राजस्थान को वर्ष 2030 तक देश का अग्रणी राज्य बनाने के उद्देश्य से विकसित राजस्थान हेतु विजन दस्तावेज 2030 तैयार किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि विकसित राजस्थान के सपने को साकार करने के लिए पूर्व सैनिकों से सुझाव भी काफी महत्वपूर्ण हैं। इसलिए राजस्थान मिशन-2030 के तहत सोमवार को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कार्यालय में पूर्व सैनिकों की परामर्श बैठक का आयोजन किया जा रहा है।

# हम बातचीत से निकालते हैं समस्या का हल: सीजेआई

**आइजोल, (एजेंसी)।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि भारतीय संस्थानों ने बातचीत, सहिष्णुता और साझा मूल्यों के माध्यम से समस्याओं को हल करने की संस्कृति विकसित की है, जबकि इसके उलट कई देशों में समस्याओं का समाधान 'अस्त्र-शस्त्रों के माध्यम से' होता है।



**भारतीय संस्थानों की सीजेआई ने की तारीफ**

सीजेआई ने गुवाहाटी हाईकोर्ट की आइजोल पीठ की नई इमारत का उद्घाटन करने के बाद यहां कहा कि कानून का शासन देश और न्यायाधीशों, वकीलों और वादियों को शक्ति प्रदान करता है। उन्होंने कहा, 'दुनिया में बहुत सारे देश हैं, जहां समस्याओं का समाधान अस्त्र-शस्त्रों के माध्यम से होता है, लेकिन हमारी संस्था का महत्व यह है कि हमने हिंसा की संस्कृति को संवाद की संस्कृति, सहिष्णुता की संस्कृति, इस समझ और अहसास की संस्कृति से बदल दिया है कि मानवीय खुशी लाने में हमारा साझा हित है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि न्याय की अदालत समाज भर में जो महत्वपूर्ण संदेश भेजती है वह यह है कि 'हम कानून के शासन का प्रतिनिधित्व करते हैं, हम विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करते हैं।'

# माली में 10 लाख बच्चों पर गंभीर कुपोषण का खतरा: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि अफ्रीकी देश माली में जीवनरक्षक सहायता के बिना, 05 वर्ष से कम उम्र के लगभग 10 लाख बच्चों को इस साल दिसंबर तक गंभीर कुपोषण का सामना करना पड़ेगा, जबकि कम से कम 200,000 लोगों के भूख से मरने का ख़तरा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के मुख्य प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने शुक्रवार को दिये बयान में कहा कि लंबे समय तक सशस्त्र संघर्ष, आंतरिक विस्थापन और प्रतिबंधित मानवीय पहुंच की घोर समस्याओं के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने यह चेतावनी जारी की है। श्री डुजारिक ने कहा कि माली की लगभग एक चौथाई आबादी मध्यम या तीव्र खाद्य असुरक्षा से पीड़ित है।

पहली बार, मेनका के संकट प्रभावित क्षेत्र में 2,500 से अधिक लोग अकाल के खतरे में हैं, जिनमें से कई बच्चे हैं। यूनिसेफ ने कहा कि यूनिसेफ और संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के वरिष्ठ मानवीय अधिकारियों ने स्थानीय अधिकारियों और मानवीय भागीदारों के साथ सहयोग में समर्थन दोहराने के लिए इस सप्ताह देश का दौरा किया।

**Filmi तड़का**



## 'टाइगर 3' का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी, सलमान ने अनाउंस की फिल्म की रिलीज डेट

**मुंबई।** बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान पिछले काफी समय से अपनी अपकमिंग फिल्म 'टाइगर 3' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म के पहले दो पार्ट को दर्शकों ने बेहद पसंद किया था। वहीं, अब इस फ्रैंचाइजी का तीसरा पार्ट यानी 'टाइगर 3' जल्द ही रिलीज होने वाला है। बता दें कि इस फिल्म में सलमान खान के अपोजिट कैटरीना कैफ दिखाई देने वाली हैं। 'टाइगर' फिल्म के पहले दो पार्ट जबरदस्त होने के कारण फैंस अब इस फिल्म के तीसरे पार्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में 'टाइगर-3' का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी कर दिया गया है। इस फिल्म का प्रशंसकों में बेसब्री से इंतजार है। टाइगर-3 फिल्म में छह साल बाद बॉलीवुड अभिनेता और अभिनेत्री कैटरीना कैफ एक बार फिर साथ आ रहे हैं। इस फिल्म में सलमान और कैटरीना जासूस की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म निर्माता और निर्देशक मनीष शर्मा द्वारा निर्देशित यह फिल्म इस दिवाली पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## 'जवान' ने तोड़ा फिल्म 'पठान' का रिकॉर्ड 24 घंटे में बिके तीन लाख से ज्यादा टिकट

**नई दिल्ली।**



पठान में शानदार परफॉर्मेंस देने के बाद शाहरुख खान 'जवान' के साथ धमाकेदार वापसी कर रहे हैं। शाहरुख खान एटली द्वारा निर्देशित अपनी आगामी फिल्म 'जवान' से एक बार फिर अपने फैंस को प्रभावित करने के लिए तैयार हैं। जवान की एडवांस बुकिंग कल से भारत में शुरू हो गई। रिपोर्ट के अनुसार, जवान ने पहले ही दिन 24 घंटों के भीतर लगभग 350के टिकट बेचकर 10 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। यह किंग खान के प्रति फैंस के प्यार को बयां करता है। रिपोर्ट्स की मानें तो इन आंकड़ों के साथ, शाहरुख की फिल्म ने उनकी पिछली फिल्म 'पठान' के 117के टिकटों के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। यह देखते हुए कि टिकटें कितनी तेजी से बिक रही हैं, एसआरके की जवान प्रभास स्टारर फिल्म बाहुबली 2: द कन्क्लूजन को मात देने के करीब पहुंच रही है। एसएस राजामौली की फिल्म के नाम पहले दिन 650के टिकट के साथ सबसे ज्यादा टिकट बेचने का रिकॉर्ड है। खैर, जवान प्रभास की फिल्म को मात दे सकती है। फिल्म का लक्ष्य सबसे ज्यादा ओपनर बनना है।

# अजय राय बोले, यूपी की सभी 80 सीटों पर लड़ेंगे चुनाव

**लखनऊ।** यूपी के नए नवेले कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि यूपी की सभी 80 सीट पर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा है कि उनकी पार्टी राज्य की सभी लोकसभा सीटों पर पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। अजय राय ने कहा कि हम राज्य की सभी 80 सीटों पर तैयारी कर रहे हैं और आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी सभी सीटों पर ताल ठोक सकती है। प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते वह सभी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। हालांकि, सीटों का फैसला आला कमान ही करेगा। अजय राय का यह बयान ऐसे समय में आया है जब विपक्षी गठबंधन इंडिया की गुरुवार और शुक्रवार को मुबई में बैठक हुई है।

# भ्रष्टाचार वाले बयान पर मुश्किल में पड़े मुख्यमंत्री अशोक गहलोत

**हाईकोर्ट ने 3 हफ्ते में मांगा जवाब**

**जयपुर, (एजेंसी)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने शनिवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को उनके खिलाफ आपराधिक अवमानना कार्यवाही की मांग करने वाली जनहित याचिका पर कारण बताओ नोटिस जारी किया। न्यायपालिका में भ्रष्टाचार की टिप्पणी के बाद स्थानीय वकील शिवचरण गुप्ता ने बीते गुरुवार को मुख्यमंत्री के खिलाफ जनहित याचिका दायर की थी। जस्टिसद्वय एमएम श्रीवास्तव व आशुतोष कुमार की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने शनिवार को मामले पर सुनवाई की। कोर्ट ने राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत को नोटिस जारी कर तीन हफ्ते के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया है।

# राष्ट्रीय महा अधिवेशन लोकहित अधिकार पार्टी 70 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी : रोशन लाल गुप्ता




प्रखर वाराणसी। लोकहित अधिकारी पार्टी का उत्तर प्रदेश में संगठन विस्तार एवं लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर महा अधिवेशन की कार्यकारिणी की बैठक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री रोशन लाल गुप्ता की अध्यक्षता में कन्हैया लाल गुप्ता स्मृति भवन सभागार, रथयात्रा, वाराणसी में सम्पन्न हुआ। महा अधिवेशन में लोकसभा की 70 से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया। जिसमें झारखण्ड, बिहार, छत्तीसगढ़ राज्यों में संगठन मजबूती से कार्य कर रही है अब उत्तर प्रदेश में भी जल्द से जल्द संगठन को मजबूत करेगी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता ने बताया कि देश-प्रदेश में पिछड़ा वैश्य, अति पिछड़ी जातियाँ दलितले महादलित गरीब सवर्ण और पसमान्दा मुसलमानों की स्थिति दिन प्रतिदिन चिंताजनक होती जा रही है। आजादी से लेकर अब तक लम्बी-चौड़ी बाते तो बहुत की गयी लेकिन जमीनी स्तर तक हकीकत सबके सामने है जिसके उत्थान व विकास की सख्त आवश्यकता है। श्री गुप्ता ने कहा कि पिछले 3 दशकों से देश में लागू नई आर्थिक नीतियों ने उन्हें प्रदत्त संवैधानिक आरक्षण का भी एक तरह से गला घोंट दिया है, सरकारी क्षेत्रों में नौकरियों के अवसर लगातार कम होते जा रहे है। निजी क्षेत्र में आरक्षण लागू करवाने के प्रति कोई भी दल संजीदा नहीं हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, जनहित मुद्दों, स्थानीय मुद्दों आदि के नजरिये से एक बड़ी लड़ाई लड़ने की जरूरत है। जब तक सांसद, विधायक, विधानमंडल, जिला स्तर से लेकर सरकार में हमारे प्रतिनिधि नहीं होने जुड़े कोई भी कानून नहीं बनवा पाएंगे। श्री गुप्ता ने कहा कि उत्तर प्रदेश में संगठन को मजबूत करने के लिए शहर-शहर में जाकर सदस्यता अभियान जोरों से चलाने पर जोर दिया और पार्टी के विचा को जन-जन तक पहुँचाने का पदाधिकारियों को लक्ष्य दिया। जिससे लोकसभा चुनाव के साथ लड़ा जा सके। महा अधिवेशन में राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों का मनोनयन किया ग रूप से इस प्रकार है- श्री तेज बहादुर गुप्ता मुख्य राष्ट्रीय संरक्षक श्री प्रेमनाथ प्रसाद राष्ट्रीय संरक्षक, श्री अजय साहू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (पूर्वांचल प्रभारी श्री केशव कुमार गुप्ता राष्ट्रीय संगठन मंत्री, श्री रमाशंकर साहू- राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री खेम करण साहू राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री, श्रीमती कुसुम साहू- कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष पूर्वाचल (महिला प्रकोष्ठ) श्रीमतीशिवा गुप्ता- कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष, मध्यांचल (लखनऊ) महिला प्रकोष्ठ, श्री पंकज कुमार- प्रदेश अध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ), उ०प्र०, प्रो० उदय प्रताप यादव जी- प्रदेश महासचिव (युवा प्रकोष्ठ सिंह- प्रदेश उपाध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ) उण एवं अन्य पदाधिकारी का मनोनयन किया गया एवं संगठन सम्बन्धी जिम्मेदारी सौपी गयी। महा अधिवेशन में मुख्य रूप से डॉ० जगन्नाथ प्रसाद राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री श्री राजू अवतार, सतीष गांधी- राष्ट्रीय महासचिव, अजय गुप्ता- राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री देवकुमार (राजू)- समाजसेवी, श्री गोविन्द गुप्ता- समाजसेवी, श्री अरविन्द राय, सोनेलाल साहू, ओम साहू, गोडा एवं सैकड़ों पदाधिकारी, समाजसेवी, कार्यकर्तागण मौजूद रहे एवं वक्तव्य दिये।

## लाल शिरोमणि पंडित कुमार लाल मिश्र की पांचवीं पुण्यतिथि पर कलाकारों ने नमन किया



प्रखर वाराणसी। आत्मीय जनों के द्वारा लाल शिरोमणि स्वर्गीय पंडित कुमार लाल मिश्रा जी को संगीतांजलि अर्पित कर उनके प्रति श्रद्धा और आस्था व्यक्त की।लाल शिरोमणि पंडित कुमार लाल मिश्र की पांचवीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को गायत्री मंदिर लहुराबीर में आयोजित संगीत संध्या में उन्हें स्वरांजलि व तलांजली से कलाकारों ने नमन किया कपिल उपाध्याय मेमोरियल ट्रस्ट व तलांजलि के संयुक्त तत्वाधान में हुए आयोजन में बाल कलाकार कान्हा मिश्रा व राहुल देव पंकज के एकल तबला वादन शिष्यों द्वारा समूह गायन पल्लवी पांडे के गायन व मनीष शर्मा के कथक नृत्य ने सबका मन मोह लिया।तबला पर पंडित भोलानाथ मिश्र , पंडित मंगला प्रसाद मिश्रा, पंडित शशि भूषण मिश्रा, सितार पर पंडित ध्रुवनाथ मिश्रा,गायन एवं हारमोनियम पर पंडित गौरव मिश्रा उपस्थित रहे कार्यक्रम का सफल संचालन सीमा केसरी ने किया।

## किसान न्याय मोर्चा के तत्वाधान में किया गया किसान संगोष्ठी



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। किसान न्याय मोर्चा के तत्वाधान में रविवार को सथवां में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया` संगोष्ठी को संबोधित करते हुए किसान न्याय मोर्चा के प्रदेश संयोजक महेंद्र यादव (एडवोकेट) ने कहा कि वैदिक सिटी योजना एवं वर्ल्ड एक्सपो सिटी योजना और काशी द्वारा योजना के तहत जो सरकार जमीन का अधिग्रहण करना चाह रही है आवास विकास परिषद किसान की जमीन लेना चाह रहा है किसान इस योजना का विरोध कर रहे हैं तथा यह योजना राज्य सरकार वापस ले` आगे किसान संगोष्ठी को संबोधित करते हुए किसान न्याय मोर्चा प्रदेश महासचिव अशोक प्रजापति ने कहा यह सरकार किसान की जमीन को हड़पने के लिए अनेक अनेक योजनाएं ला रही है इसका उद्देश्य किसान की जमीन पर डाका मारना और पूंजी पत्तियों को देना इसलिए किसान भी किसी कीमत पर अपनी जमीन सरकार को नहीं देंगे आने वाले दिनों में किसान सड़क ऊपर उतरकर प्रदर्शन करेंगे और जिलाधिकारी को अपना ज्ञापन भी देंगे` उक्त संगोष्ठी बाबूराम पाल ,राजेश पटेल ( पूर्व प्रधान ), योगीराज पटेल , सुशील पटेल नंदू पाल, श्याम सुंदर पाल, आरती पटेल, सुषमा पटेल सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे` संगोष्ठी का संचालन अशोक प्रजापति ने किया।

## रोटरी क्लब वाराणसी रॉयल्स ने प्राथमिक विद्यालय को लिया गोद



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। रोटरी क्लब वाराणसी रॉयल्स के सदस्यो ने चंद्रयान-3 की सफलता पर वाराणसी में गौराकला स्थित प्राथमिक विद्यालय पर बच्चों संग मनाया जश्न तथा उक्त प्राथमिक विद्यालय को लिया गोद` रोटरी क्लब के अध्यक्ष कुशाग्र अग्रवाल व 25 रोटेरियन सदस्यो के समूह ने प्राथमिक विद्यालय को गोद लेने पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज भारत ने दुनिया भर के दिग्गज देशों को पछाड़ते हुए चंद्रमा पर तिरंगा गाड़ दिया है इस ऐतिहासिक व अभूतपूर्व उपलब्धि ने हम सभी भारतीयों का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया है।इस खुशी को साझा करने के लिए हम इस प्राथमिक विद्यालय के बच्चो संग खुशियाँ मना रहे हैं साथ ही साथ इस विद्यालय को गोद भी ले रहे हैं` स्कूल की प्रिंसिपल रीता देवी ने क्लब के अध्यक्ष कुशाग्र अग्रवाल,क्लब के सचिव रितेश टिबरेवाल और कोषाध्यक्ष अभिनव पांडेय सहित उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया` कार्यक्रम के संयोजक रोटेरियन शशांक अग्रवाल एवं पुलकित रस्तोगी ने विद्यालय एवं छात्रों के उत्थान के लिए विद्यालय को हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया सदस्यों ने बच्चों के बीच भोजन के पैकेट, पेंसिल बॉक्स और मध्याह्न भोजन की प्लेटें वितरित कीं` इस मौके पर दीपक माहेश्वरी, निशांत नेवर ,वरुण मुंदडा, गौरव राठी, विवेक शाह, विकास अग्रवाल, मनु धवन ,अभिषेक अग्रवाल, अपूव अग्रवाल, आशितोष अग्रवाल दिवस अग्रवाल हर्ष अग्रवाल, कौशिक सहलोत, मनीष अग्रवाल धवन, पारुल अग्रवाल, शानू जाजोदिया , अंकित जाजोदिया पीयूष जैन वरुण अग्रवाल ,तुषार अग्रवाल विशाल अग्रवाल, स्तुति अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## पिता के स्मृति में स्कूल को दिया प्रोजेक्टर



प्रखर पिंडरा वाराणसी। समाज को योगदान कोई धर्म से कोई कर्म से करता है तो कोई सहयोग कर। लेकिन पिंडरा ब्लॉक के जगदीशपुर निवासी एक परिवार ने अपने पिता के पुण्यतिथि पर हजारों रुपये धार्मिक क्रियाकर्म में खर्च न कर स्कूल के बच्चों को स्मार्ट बनाने में खर्च किया और बच्चों को प्रोजेक्टर उपलब्ध कराया। जगदीशपुर निवासी नरेंद्र सिंह व ओमप्रकाश सिंह ने अपने शिक्षक पिता स्व0 पिता उमाशंकर सिंह के पुण्यतिथि पर सारे क्रियाकर्म का त्याग करते हुए पिता के स्मृति को सजोने के लिए प्राथमिक विद्यालय जगदीशपुर को एक प्रोजेक्टर (इलेक्ट्रॉनिक उपकरण) उपलब्ध कराया। जिससे बच्चे अद्यतन जानकारी के साथ स्मार्ट बन सके। इस दौरान आगे भी सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस दौरान स्कूल के तरफ से शिक्षक पुत्रों को अंगवस्त्र द्वारा सम्मानित किया। इस दौरान प्रधानाध्यापिका शारदा पाल, मंजू वर्मा, प्रीतम देवी, गुंजन श्रीवास्तव, जयप्रकाश , गौतम दत्ता व रामसकल पटेल समेत अनेक शिक्षक व गणमान्य लोग रहे।

## जौनपुर में ठप हुई स्वास्थ्य सेवा, ठेले पर वृद्ध मरीज का इलाज

### फिर ठेले पर मरीज ले जाने का वीडियो वायरल, कटघरे में स्वास्थ्य सेवा



प्रखर जौनपुर। जनपद के तहसील मछली शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एक वृद्ध मरीज का इलाज ठेले पर चिकित्सक द्वारा इलाज करने का वीडियो वायरल हो रहा हैं जिसमें स्पष्ट रूप देखा जा सकता हैं कि एक वृद्ध बीमार व्यक्ति को उसके परिजनों द्वारा ठेले पर लेटा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछली शहर लाया गया जहां उसे अस्पताल के अन्दर ना ले जाकर ठेले पर ही चिकित्सक द्वारा इलाज करने का मामला प्रकाश में आया है। जो कही ना कही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा बड़ी लापरवाही का मामला दिखाई दिया है। एक तरफ जहां उत्तर प्रदेश उप मुख्यमंत्री/स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गंभीर हैं जिसके तहत प्रतेक जिलों में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को जमीनी स्तर पर देखते हुए बेहतर इलाज व किसी प्रकार की लापरवाही को लेकर सख्त निर्देश दिए हैं उसके बावजूद जौनपुर जिले में मछली शहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से एक मरीज का ठेले पर इलाज होने का वायरल हो रहा वीडियो। बताते चलें कि मछली शहर के कजियाना मोहल्ले के कालिया पुत्र नटराज 55 वर्षीय की अचानक तबीयत बिगड़ जाने के कारण उनकी सांस फूलने लगी। यह देख कालिया का पुत्र संतोष आनन फानन में अपने पिता को ठेले पर लेटाकर मछली शहर स्वास्थ्य केन्द्र पहुँच गया, जहाँ चिकित्सक द्वारा ठेले पर ही उसके पिता का इलाज चिकित्सक द्वारा शुरू कर दिया गया। संतोष के पिता की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। बड़ी हैरत की बात तब सामने आयी जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सक द्वारा वृद्ध बीमार मरीज को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया उसके बावजूद स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात जिम्मेदार स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मरीज के लिए नहीं बुलाई गई 108 एम्बुलेंस, ठेले पर ही पुत्र द्वारा अपने मरीज पिता को ले जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है ,जिसकी पुष्टि प्रखर पूर्वान्चल नही करता। जो स्वास्थ्य विभाग के बेहतरीन सेवा की खोल रहा हैं पोल।

## सामान्य प्रेक्षक ने घोसी विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण




प्रखर मऊ। सामान्य प्रेक्षक श्री बेनहुर महेश दत्त इक्का द्वारा घोसी विधान सभा क्षेत्र में भ्रमण किया गया। इस दौरान कन्या प्राथमिक विद्यालय डाड़ी खास के बूथ संख्या-413 एवं 414 का निरीक्षण किया गया। जिसमें मतदान सम्बन्धी तैयारियां संतोषजनक पायी गई। बूथ भवन के सूचना पट्ट पर मतदान सम्बन्धी जानकारी स्पष्ट नहीं लिखी गई थी जिसको नवीनतम मतदान सम्बन्धी जानकारी यथा सम्भव लिखे जाने हेतु लेखपाल को निर्देशित किया गया। प्राथमिक विद्यालय खुखुन्दवा बूथ संख्या-399 एवं 400 का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित लेखपाल द्वारा उपरोक्त मतदान केन्द्र के संवेदनशील होने से अवगत कराया गया एवं बताया गया कि उक्त ग्राम में ग्रामीण राजनीति बढ़ने के कारण इस मतदान केन्द्र को संवेदनशील सूची में सम्मिलित किया गया। प्राथमिक विद्यालय रेवरीडीह के बूथ संख्या 401 का निरीक्षण किया गया, उपस्थित लेखपाल द्वारा उपरोक्त मतदान केन्द्र के संवेदनशील होने से अवगत कराया गया एवं बताया गया कि जातिगत तनाव की वजह से इस मतदान केन्द्र को संवेदनशील सूची में सम्मिलित किया गया, इस सम्बन्ध में प्रेक्षक महोदय द्वारा मतदान को शांति पूर्ण ढंग से कराये जाने हेतु आवश्यक कदम उठाने के दिशा निर्देश दिये गये। कमोत्तर विद्यालय सहरोज के बूथ संख्या 404, 405, 406 एवं 407 का निरीक्षण के दौरान उपस्थित लेखपाल द्वारा उपरोक्त मतदान केन्द्र के संवेदनशील होने से अवगत कराया गया एवं बताया गया कि विगत 4 वर्षों में संख्यात्मक अपराध बढ़ने के कारण इस मतदान केन्द्र को संवेदनशील सूची में सम्मिलित किया गया है, इस सम्बन्ध में प्रेक्षक महोदय द्वारा मतदान को शांति पूर्ण ढंग से कराये जाने हेतु आवश्यक कदम उठाने के दिशा निर्देश दिये गये। पंचायत भवन, सहरोज के बूथ संख्या 403 का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान उपस्थित लेखपाल द्वारा उपरोक्त मतदान केन्द्र के संवेदनशील होने से अवगत कराया गया एवं बताया गया कि विगत 4 वर्षों में संख्यात्मक अपराध बढ़ने के कारण इस मतदान केन्द्र को संवेदनशील सूची में सम्मिलित किया गया है, इस सम्बन्ध में प्रेक्षक महोदय द्वारा मतदान को शांति पूर्ण ढंग से कराये जाने हेतु आवश्यक कदम उठाने के दिशा निर्देश दिये गये।कम्पोजिट विद्यालय भुजौटी के बूथ संख्या-409 का निरीक्षण किया गया, जिसमें मतदान सम्बन्धी तैयारियां संतोषजनक पायी गई।

## संस्कार ब्राह्मण महिला संगठन द्वारा कजरी तीज उत्सव का आयोजन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। संस्कार ब्राह्मण महिला संगठन द्वारा द्वारिका होटल में तीज धूमधाम से मनाया गया आजादी के अमृत महोत्सव में तीज की थीम राष्ट्रीयता से ओतप्रोत रही` संस्था की सदस्यायें उर्मिला मिश्रा ,ज्योत्स्ना मिश्रा,ममता तिवारी, शीला चतुवेर्दी, नीलम मिश्रा, अंशुमाला पाण्डेय,आरती पाण्डेय अनुपमा पाण्डेय ने भारतीय समाज को दिशा देने वाली महान मातृशक्तियों (सावित्री बाई फुले, लता मंगेशकर,ऋतु कारधाल , सुषमा स्वराज, अहिल्याबाई, होलकर) की भूमिका में उतरी, साथ ही लिटिल स्टार की गुड़िया यादव और रोहित खरवार ने चन्द्रयान-3 का माडल प्रस्तुत किया संस्था की ओर से इन दोनों बच्चों को उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति प्रमाण पत्र और एक-एक हजार ही धनराशि दी गई कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मीना चौबे, विशिष्ट अतिथि -लक्ष्मी डोंगरे और संस्था की संस्थापिका ममता द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित कर किया अध्यक्षा भारती मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए सावन में कजरी की सामाजिकता , व्याहारिकत एवम वैज्ञानिकता पर प्रकाश डाला `नमिता तिवारी और निधि पाण्डेय आरती ने मिजार्पुर कइल गुलजार हो कचौड़ी गली सून के कइल बलमू, कजरी गाकर सबको झूमा दिया` सुनीता डोंगरे, रंजना , पूनम, गायत्री , वंदना , कंचन, सुनीति ,भारती ने जाने बलमा घोड़े पर क्यों सवार है और सवांर लूं पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर धमाल मचा दिया कल्पना ,अनिता ,अनुपमा ,अंजू ने एकल नृत्य प्रस्तुत कर सबको थिरकने पर मजबूर कर दिया कार्यक्रम का कुशल संचालन सीमा तिवारी ने एवं धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्षा अंशुमाला पाण्डेय ने किया` कार्यक्रम में विभा पाण्डेय,ऋचा पाठक नीलम , माधुरी शर्मा, साधना , सुषमा शर्मा, मीना , संध्या,अंजनी ,अर्चना, सुजाता, आरती , गायत्री, सावित्री आदि की गरिमामय उपस्थिति रही।

## संक्षिप्त खबरें

### रजवटिया हनुमान मंदिर पर यज्ञ कराने को लेकर हुई चर्चा

प्रखर पटहेरवा, कुशीनगर। अयोध्या धाम से पधारे परम पूज्य संत धर्मेंद्र शास्त्री महाराज की इच्छा पर ग्रामीणों की एक बैठक हुई, जिसमे रजवटिया हनुमान मंदिर पर यज्ञ कराने को लेकर चर्चा हुई और अगली बैठक निर्धारित की गई। रजवटिया हनुमान मंदिर पर हुई बैठक में अयोध्या धाम से पधारे परम-पूज्य संत धर्मेंद्र शास्त्री ने मंदिर पर यज्ञ कराने का इच्छा जाहिर करते हुए ग्रामीणों से यज्ञ कराने को लेकर प्रस्ताव रखा और सभी से एकजुट होकर यज्ञ का आयोजन करने का अपील किया। उपस्थित ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों ने उनके प्रस्ताव पर अपनी सहमति जताते हुए 10 सितम्बर 2023 को अगली बैठक निर्धारित करते हुए सभी ग्रामीणों से उक्त बैठक में शामिल होने की अपील करने की बात कही। वही यज्ञ समिति के गठन अगले तिथि पर करने पर विचार विमर्श किया। यज्ञ की चर्चा के बाद क्षेत्र में हर्ष है लोगो में उत्साह हैं। इस दौरान मन्दिर के पुजारी तहसीलदार दास, ग्राम प्रधान श्रीराम पासवान, विनोद सिंह, शिवजी कुशवाहा, मदन प्रसाद, शिवनरायन सिंह, मैनेजर सिंह, अरविंद सिंह बबुआ जी, रंजीत सिंह, पारस चौहान, सुभाषचंद्र चौहान, प्रेमशंकर चौहान आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

### प्रदेश सदस्यता प्रभारी के निधन पर रालोद ने जताया शोक



प्रखर कसया, कुशीनगर। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश सदस्यता प्रभारी सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी के निधन पर पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने शोक व्यक्त किया है। रालोद कुशीनगर के जिलाध्यक्ष विनोद कुंवर ने कहा कि प्रदेश सदस्यता प्रभारी श्री द्विवेदी का निधन पार्टी के लिये बहुत बड़ी छबि है। वह किसान, मजदूर, युवा, हर वर्ग के भलाई के लिए आवाज उठाते थे। हमेशा स्व0 चौधरी चरण सिंह के सपनों को साकार करने को लेकर संकल्पित थे। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भगवान दयाल विश्वकर्मा, गोरखपुर मण्डल अध्यक्ष राम भवन राव, क्षेत्रीय सचिव एमएस निजामी, जिला उपाध्यक्ष सुरेश शाही,जिला महासचिव श्रीनाथ गुप्ता, जिला सचिव हरिकेश कुंवर, जिला सचिव बबलू तिवारी, नगर अध्यक्ष हरिकेश सहित पार्टी जनों ने शोक व्यक्त किया है।

### श्री हनुमान गैस सेवा द्वारा केक काटकर मनाया गया 64वां इंडियन आयल दिवस



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। श्री हनुमान गैस सेवा द्वारा सम्मानित ग्राहक व बच्चों के साथ केक काटकर मनाया गया 64वां इंडियन आयल दिवस` उक्त अवसर पर अधिष्ठाता मनीष चौबे ने ग्राहकों को 10 केजी कंपोजिट सिलेंडर 5 और 2 केजी सिलेंडर के बारे में विस्तृत जानकारी दिया` इंडियन ऑयल दिवस पर सम्मानित ग्राहक गोल्डी पांडे, प्राची तिवारी, दिव्या श्रीवास्तव, निशा, अभिलाषा चौबे, धर्मेंद्र पांडे, दिनेश तिवारी, विवेक सिंह इत्यादि दर्जनों ग्राहक उपस्थित रहे।

### लोकतंत्र एवं संविधान बचाओ साईकिल यात्रा आज दूसरे दिन पहुंची मछलीशहर



प्रखर जौनपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने निर्देश पर विवेक यादव के नेतृत्व में चल रहे लोकतंत्र एवं संविधान बचाओ साईकिल यात्रा आज दूसरे दिन मछली शहर से निवर्तमान जिलाअध्यक्ष डां अवधनाथ पाल एवं विधायक रागिनी सोनकर ने झंडा दिखाकर रवाना किया वहीं साईकिल यात्रियों को संम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की हालत बेहद खराब है, अपराधी और दबंग सरेआम हत्याएं कर रहे हैं। अपराधी खूनी खेल-खेल रहे है। महिलाएं, बेटियां और आम आदमी कहीं भी सुरक्षित नहीं है। कहा कि जौनपुर में ही पिछले दिनों सरेआम छात्र नेता के पिता की हत्या कर दी गई। प्रदेश में हत्या, लूट, दबंगई और छेड़खानी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है कहा कि ऐसा लगता है कि उत्तर प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। अपराधी जो चाहे, जहां कर रहे हैं। मुख्यमंत्री जी पिछले 7 सालों से दावा कर रहे हैं कि अपराधी उत्तर प्रदेश छोड़कर भाग गए हैं, तो क्या जो अब अपराध हो रहा है, वह भाजपा के लोग कर रहे हैं या उन्हें सरकार का संरक्षण मिला हुआ है हम सभी इस लोकतंत्र एव संविधान बचाओ साईकिल यात्रा के माध्यम से जन जन तक भाजपा सरकार के असंवैधानिक कार्य बताया जायेगा और लोगों को उनके झूठे वादे कर जनता को जो भरमाया गया सब पोल खोला जायेगा । भाजपा हटाओं देश बचाओं भाजपा हटाओं संविधान बचाओं तहत जनता को जागरूक करेगें यात्रा में मुख्य रूप से पूर्व मंत्री राजनरायन बिन्द पंधारी लाल यादव यादव राकेश मौर्या,सूर्य भान यादव, श्याम नरायन बिन्द,विशाल यादव, योगेंद्र यादव,दलशित यादव, गुलाब बिन्द अनुपमा पटेल, अखिलेश यादव,प्रमोद यादव, अशोक यादव,राजेश यादव,अनील दूबे, आदि शामिल रहे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं